शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 27, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 22 फरवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

पूर्व एएसजी फली एस नरीमन का निधन

नई दिल्ली

भारत के पूर्व एडिशनल सॉलिसिटर जनरल फली सैम नरीमन का बुधवार (21 फरवरी) की रात करीब 1 बजे दिल्ली में उनके घर पर निधन हो गया। वे 95 साल के थे। उन्हें दिल से जुड़ी बीमारियां थीं। फली नरीमन को 1991 में पद्म भूषण और साल 2007 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। वे 1991 से 2010 तक बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रहे थे। फली नरीमन ने बॉम्बे हाईकोर्ट में वकील के रूप में अपनी प्रैक्टिस शुरू की और बाद में दिल्ली चले गए। 1972 में उन्हें भारत का एडिशनल सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया गया। लेकिन 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के आपातकाल घोषित करने के फैसले के विरोध में उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। अपने लंबे करियर में फली नरीमन ने कई ऐतिहासिक मामलों पर बहस की, जिसमें राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग मामला भी शामिल था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

राष्ट्रपति, पीएम मोदी ने जताया फली के निधन पर दुख

फली नरीमन के देहांत पर पीएम मोदी दुख जताया। उन्होंने एक्स पर लिखा, "श्री फली नरीमन जी सबसे उत्कृष्ट कानूनी दिमाग और बुद्धिजीवियों में से थे। उन्होंने अपना जीवन आम नागरिकों के लिए न्याय सुलभ कराने के लिए समर्पित कर दिया। उनके निधन से मुझे दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। उसकी आत्मा को शांति मिलें।" राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, "मुझे यह जानकर दुख हुआ कि कानूनी दिग्गजों में से एक माने जाने वाले फली नरीमन अब नहीं रहे। हमारे संविधान के सबसे बुद्धिमान विशेषज्ञों में से एक, वह विश्व स्तर पर सम्मानित न्यायविद भी थे। उन्होंने विभिन्न पदों पर देश की सेवा की। भूमिकाएं, जिनमें राज्यसभा के सदस्य के रूप में भी, समान समर्पण के साथ शामिल हैं।

बहनो और भाइयो... अमीन सयानी नहीं रहे

मुंबई

"नमस्कार भाइयो और बहनो, मैं आपका दोस्त अमीन सयानी बोल रहा हूं।" 42 साल तक अपने इस शानदार अंदाज और आवाज से लोगों को रेडियो का दीवाना बनाने वाले अमीन सयानी नहीं रहे। अमीन सयानी का 91 साल की उम्र में मुंबई में निधन हो गया। बेटे रजिल ने बताया कि अमीन सयानी को मंगलवार शाम को हार्ट अटैक आया था, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

आतंकवाद को लेकर भारत-ग्रीस की चिंताएं समान'

16 वर्षों बाद किसी ग्रीक प्रधानमंत्री का भारत आना एक ऐतिहासिक उत्सव

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस के बीच दिल्ली में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। इस दौरान पीएम मोदी ने प्रेस वार्ता में ग्रीक पीएम और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि 16 वर्षों बाद किसी ग्रीक प्रधानमंत्री का भारत आना एक ऐतिहासिक उत्सव है।

ग्रीक पीएम का भारत दौरा एक ऐतिहासिक उत्सव

क्यारीकोस मित्सोटाकिस के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने कहा, "प्रधानमंत्री मित्सोटाकिस और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। पिछले वर्ष मेरी ग्रीस यात्रा के बाद उनकी यह भारत यात्रा दोनों देशों के बीच मजबूत होती रणनीतिक साझेदारी का संकेत है और 16 वर्षों के बाद ग्रीस के प्रधानमंत्री का भारत आना अपने आप में एक ऐतिहासिक उत्सव है। हमारी आज की चर्चाएं बहुत सार्थक रहीं।" पीएम मोदी ने आगे कहा, "हम 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने के लक्ष्य के लिए तेजी से अग्रसर हैं। हमने अपने सहयोग को नई ऊर्जा और दिशा देने के लिए कई नए अवसरों की पहचान की है।"

आतंकवाद को लेकर भारत और ग्रीस की चिंताएं समान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "आज की बैठक में हमने कई क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। हम सहमत हैं कि सभी विवादों और तनावों का समाधान वार्ता और कूटनीति से ही किया जाना चाहिए। हम इंडो-पैसिफिक में ग्रीस की भागीदारी और सकारात्मक भूमिका का स्वागत करते हैं... भारत और ग्रीस वैश्विक शांति और स्थिरता में योगदान देने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखेगा।" पीएम मोदी ने बताया कि आतंकवाद को लेकर भारत और ग्रीस की चिंताएं एक जैसी ही है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में दोनों देशों के सहयोग को अधिक मजबूत करने पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई है। इसके साथ ही दोनों देशों ने रक्षा उद्योगों को आपस में जोड़ने पर सहमति जताई है।

'2030 तक द्विपक्षीय व्यापार होगा दोगुना'

ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस मंगलवार को नई दिल्ली पहुंचे। राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका स्वागत किया और उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ग्रीक प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता भी हुई। बता दें कि यह 15 वर्षों में ग्रीस के किसी राष्ट्राध्यक्ष की पहली भारत यात्रा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा, 'प्रधानमंत्री मित्सोटाकिस और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है।

दोनों नेताओं की एक साल में दूसरी मुलाकात

दोनो नेताओं के बीच एक वर्ष के भीतर यह दूसरी बैठक थी। यूरोपीय देशों में अपने कारोबार व उत्पादों की पहुंच बनाने में जुटे भारत के लिए ग्रीस एक प्रमुख प्रवेश द्वार के तौर पर स्थापित हो सकता है। मोदी और मित्सोटाकिस के बीच दोनो देशों के बीच मोबिलिटी समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने पर भी बात हुई ताकि वहां भारतीय कामगारों को बेहतर माहौल मिल सके।

क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर

बनी बात

ग्रीस के प्रधानमंत्री के साथ बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमारे बीच कई क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बात हुई है। हम समहत है कि हर तरह के वैश्विक तनाव का समाधान वार्ता व कूटनीति से की जा सकती है। भारत ग्रीस की तरफ से हिंद प्रशांत क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाने का स्वागत करता है। दोनो नेताओं के बीच आतंकवाद के मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा हुई है। पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद पर भारत व ग्रीस के समक्ष एक जैसी ही चुनौतियां हैं। इस बार में चर्चा आगे भी जारी रखी जाएगी कि आतंकवाद के खिलाफ किस तरह से एख दूसरे की मदद की जाए। पीएम मोदी ने अगस्त, 2023 में ग्रीस की यात्रा की थी। वहां उन्हें ग्रीस का सबसे बड़ा नागरिक सम्मान दिया गया था।

16 साल बाद भारत आए हैं कोई ग्रीस पीएम

भारत की कूटनीति में ग्रीस के तेजी से उभरने की एक वजह तुर्किये को भी बताया जाता है जिसके संबंध भारत व ग्रीस दोनों से खराब हैं। मोदी ने अगर पिछले साल 40 वर्षों बाद ग्रीस जाने वाले भारतीय प्रधानमंत्री बने थे मित्सोटाकिस 16 वर्षों बाद भारत आने वाले ग्रीस के पीएम हैं। राष्ट्रपति भवन में उनका राजकीय सम्मान किया गया। मोदी के नेतृत्व में भारतीय सरकार की टीम के साथ वार्ता करने के बाद उन्होंने कहा कि पीएम मोदी में मुझे एक दूरदर्शी नेता और सच्चा मित्र दिखता है। भारत आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। ग्रीस के पीएम ने भारत के साथ जल्द होने वाले मोबिलिटी समझौते को काफी महत्वपूर्ण माना। भारत को एशिया प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता के लिए एक अहम शक्ति करार देते हुए उन्होंने दोनो देशों के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने की संभावना जताई। दोनो देशों के बीच सैन्य सहयोग को लेकर बातचीत जारी है। मोदी और मित्सोटाकिस के बीच हुई वार्ता में कारोबार सहयोग को लेकर भी विस्तार से बात हुई है। दोनों देशों ने वर्ष 2030 तक अपने द्विपक्षीय कारोबार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। भारत की कंपनियों का ग्रीस में निवेश बढ़ रहा है। ग्रीस जहाजरानी उद्योग में काफी उन्नत देश है और हिंद प्रशांत क्षेत्र की स्थिति को देखते हुए भारत अपने जहाजरानी उद्योग को उन्नत बनाने की कोशिश में है। ऐसे में यह क्षेत्र दोनों देशों के बीच सहयोग का नया क्षेत्र बन कर उभर सकता है।

भारत-चीन के बीच कोर कमांडर स्तर की बैठक, सीमावर्ती इलाकों में स्थिरता पर सहमति

नई दिल्ली

भारत और चीन लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोन समेत सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने पर सहमति जताई है। इस हफ्ते हुई उच्च स्तरीय सैन्य वार्ता के बाद ही इसपर सहमति जताई गई है। हालांकि, सोमवार की वार्ता में साढ़े तीन साल से चल रहे विवाद के समाधान पर कोई स्पष्ट चर्चा नहीं हुई है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत-चीन कोर कमांडर स्तर की 21वीं बैठक 19 फरवरी को चुशुल-मोल्डो बॉर्डर मीटिंग प्वाइंट पर आयोजित की गई थी। मंत्रालय की तरफ से जारी बयन में कहा गया, पिछले दौरों में दोनों देशों की सेनाओं के सीमाई इलाकों से पीछे हटने को लेकर जो चर्चा हुई थी, वह भारत-चीन के बीच सीमा पर शांति के लिए अहम आधार हैं।

मंत्रालय ने बताया कि चर्चा के दौरान दोनों देशों ने मैत्रीपूर्ण तरीके से अपने विचारों को एक-दूसरे के सामने रखा। दोनों ही पक्षों ने अंतरिम रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्धता जताई है।

आयकर विभाग ने कांग्रेस के खातों से वसूले टैक्स के बकाया 65 करोड़ रुपये

नई दिल्ली

आयकर विभाग ने कांग्रेस पर बकाया टैक्स के कुल 115 करोड़ रुपये में से 65 करोड़ रुपये की रिकवरी कर ली है। सूत्रों के मुताबिक, आयकर विभाग ने मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों से ये रकम वसूली। खाते में देय किसी भी शुल्क की वसूली का विभाग के पास अधिकार है। उधर, 65 करोड़ रुपये की इस निकासी के खिलाफ कांग्रेस ने आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण का दरवाजा खटखटाया है और इस कार्रवाई के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

कांग्रेस ने दर्ज कराई शिकायत

कांग्रेस ने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से दी शिकायत में कहा है कि आयकर विभाग ने न्यायालय के समक्ष निर्धारित सुनवाई के परिणाम की प्रतीक्षा किए बिना उसके बैंक खातों से राशि निकाली ली है। कांग्रेस ने अपील की है कि पार्टी की स्टे अर्जी का निपटारा होने तक आयकर विभाग आगे कार्रवाई न करे।

कांग्रेस ने लगाए गंभीर आरोप

पीटीआई के अनुसार, कांग्रेस ने आयकर विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा उसने पार्टी के विभिन्न खातों से अलोकतांत्रिक तरीके से 65 करोड़ रुपये की राशि निकाली ली है, जबकि पिछले वर्षों के रिटर्न से संबंधित मामला कोर्ट में लंबित है। कांग्रेस के तीन बैंक खातों से डिमांड ड्राफ्ट के रूप में 60.25 करोड़ रुपये निकाले गए हैं, वहीं भारतीय युवा कांग्रेस के खातों से पांच करोड़ रुपये की राशि निकाली गई है। कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन ने दावा किया कि अगर जांच एजेंसियों की कार्रवाई अनियंत्रित हुई तो इस तरह तो लोकतंत्र समाप्त हो जाएगा।

लोकसभा चुनाव: कांग्रेस से सीट शेयरिंग चर्चा आखिरी चरण में: केजरीवाल

नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 10 फरवरी को पंजाब और चंडीगढ़ में कांग्रेस के साथ सीट शेयरिंग से इनकार किया था। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार (21 फरवरी) को कहा कि दिल्ली में लोकसभा चुनाव सीट शेयरिंग के लिए कांग्रेस से चर्चा चल रही है। हम चर्चा के अंतिम चरण में पहुंच गए हैं। जल्दी ही सीट शेयरिंग का ऐलान किया जाएगा।

पंजाब में 10 फरवरी को अरविंद केजरीवाल ने एक रैली में कहा था कि राज्य में पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी। इस पर मंगलवार को केजरीवाल बोले- इस फैसले पर हम पुनर्विचार नहीं करने वाले हैं। हमने जीतने के लिए यह फैसला किया है। इसके अलावा केजरीवाल ने कहा कि अन्य राज्यों में भी गठबंधन को लेकर कई दौर की चर्चा हो चुकी है। जल्द ही अन्य राज्यों में भी गठबंधन का ऐलान किया जाएगा। आप के महासचिव और राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने 14 फरवरी को कहा था कि हम कांग्रेस को दिल्ली में एक ही सीट देने पर विचार कर रहे हैं। कांग्रेस एक से ज्यादा सीट की हकदार नहीं है। लेकिन अगर सूत्रों की माने तो कांग्रेस और आप सीट-बंटवारे के लिए 4:3 फॉर्मूले पर चर्चा कर रही थी। इसमें कांग्रेस 4 और आप के तीन सीटों पर चुनाव लड़ने की अटकलें थीं। 2019 में बीजेपी ने सातों लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी। आप ने कई बार इस बात पर जोर दिया है कि वह इंडिया के साथ है, लेकिन लोकसभा चुनाव के लिए अलग-अलग राज्यों में लगातार अपने उम्मीदवारों की घोषणा भी कर रही है। आप ने 8 फरवरी को असम में तीन सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की थी।

शादी के बाद महिला को नौकरी से निकालना लैंगिक असमानता: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि शादी के आधार पर महिलाओं को नौकरी से नहीं निकाला जा सकता है। शादी करने की वजह से महिलाओं को नौकरी से निकाल देने वाले नियम असंवैधानिक और पितृसत्तात्मक हैं। ये नियम इंसानी गरिमा और निष्पक्ष व्यवहार के अधिकार को कमजोर करता है। दरअसल, आर्मी नर्स सेलिना जॉन को आर्मी नर्सिंग सर्विस ने शादी करने की वजह से नौकरी से निकाल दिया गया था। सेलिना को बर्खास्त किए जाने को सुप्रीम कोर्ट ने 'जेंडर भेदभाव और असमानता का बड़ा मामला करार दिया। कोर्ट ने केंद्र सरकार को 60 लाख रुपए का मुआवजा याचिकाकर्ता सेलिना जॉन को देने का भी आदेश दिया है। बेंच ने कहा कि ऐसे नियम असंवैधानिक हैं जिनके आधार पर महिला अधिकारियों को उनकी शादी की वजह से नौकरी से बर्खास्त किया जाए।

राहुल ने झूठ के अलावा कुछ नहीं सीखा: असम सीएम

तेलंगाना

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जहां से भी निकल रही है, वहां कांग्रेस का पतन हो रहा है। अब राहुल उत्तर प्रदेश जा रहे हैं, लेकिन उनका अखिलेश यादव से मतभेद हो रहा है। जहां भी न्याय यात्रा जाएगी, वहां कांग्रेस के साथ अन्याय ही होगा। हिमंत सरमा भारतीय जनता पार्टी की विजय संकल्प यात्रा का शुभारंभ करने तेलंगाना पहुंचे थे। जहां उन्होंने रोड शो में हिस्सा लिया। रोड शो के दौरान उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल ने इस दुनिया में झूठ के अलावा कुछ भी नहीं सीखा है। सीएम हिमंत ने कहा कि जब राहुल ने पहली बार भारत जोड़ो यात्रा की थी, तो वो तीन राज्यों में चुनाव हार गए थे। इस बार चुनावों में वह पूरा देश हार जाएंगे।

बदले-बदले से दिखे राहुल गांधी: बनाई सख्त इमेज

जज्बात की नहीं करते हैं सिर्फ जाति की बात, निशाने पर ओपीसी-एससी

लखनऊ

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी न्याय यात्रा में अमेठी, रायबरेली से लेकर लखनऊ तक बदले-बदले नजर आए। उनमें कहीं भी पहले जैसा जज्बात नहीं दिखा। वे न मुस्कुराए और न ही राह चलते किसी को गले लगाया, बल्कि हर कदम पर जाति और जातीय समीकरण की बात की। उनकी यात्रा रायबरेली और लखनऊ में अल्पसंख्यक बहुल इलाकों से गुजरी, लेकिन उन पर ज्यादा बोलने के बजाय पूरी तरह से पिछड़े, दलितों एवं आदिवासियों पर फोकस किया। भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने तेंदुआ गांव में सोमवार की रात विश्राम किया, उसके बाद सड़क मार्ग से वे सुल्तानपुर के लिए निकल गए। मंगलवार दोपहर वे फुरसतगंज हवाई अड्डे पर पहुंचे और दो घंटे वहीं रहे। दोपहर करीब 2.20 बजे बाहर निकले। नहर कोठी चौराहे पर पहुंचे, यहां खड़े एक बच्चे को पास बुलाकर उसे टॉफी दी और काफिला आगे बढ़ गया। फुरसतगंज बाजार, नागिन चौराहे पर खड़े लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। लेकिन हमेशा मुस्कुराते रहने वाले राहुल गांधी इस बार अति गंभीर नजर आए।

युवाओं को समझाया जातियों का अंकगणित

रायबरेली में अल्पसंख्यक बहुल इलाके से होते हुए राहुल ने सुपर मार्केट में सभा की। इस बीच एक युवक 69000 भर्ती से संबंधित पर्चे लिए दिखा। राहुल ने उसे बुलाया, नाम पूछा और फिर अमित मौर्य नाम का यह युवक ही उनके पूरे भाषण का केंद्र हो गया। उन्होंने उससे ओबीसी और एससी का मतलब पूछा। फिर युवाओं से मुखातिब होते हुए कहा कि मौर्य को न्याय क्यों नहीं मिल रहा है? वह सुबुकने लगा तो उसे गले लगाया और फिर कहा कि ओबीसी की आबादी 50 फीसदी से ज्यादा है। फिर भी न्याय क्यों नहीं मिल रहा है? इस पर विचार करो।

पहली बार रायबरेली में सख्त दिखे राहुल

सारस चौराहे पर खड़े विजय शंकर पांडेय कहते हैं कि राहुल गांधी में यह बड़ा बदलाव आया है। अभी तक वह सिर्फ विकास की बात करते थे। अपने पूर्वजों की ओर से अमेठी- रायबरेली में किए गए कार्यों को बढ़ाने की बात करते रहे हैं, लेकिन रायबरेली में पहली बार वह सख्त नजर आए हैं। अपनापन जताने के बजाय सीधे जातियों को जोड़ने का प्रयास करते नजर आए हैं। कुछ ऐसी ही दुहाई जायस के रविंद्र भी देते हैं। रायबरेली- लखनऊ मार्ग पर कन्नावा, हरचंदपुर, बछरावां से लेकर लखनऊ में भी लोगों से संवाद करते वक्त उनकी जाति पूछी। पिछड़े और दलित वर्ग के युवाओं को उनकी जाति का अहसास कराते हुए पिछड़ेपन के लिए भाजपा सरकार को दोषी ठहराया और न्याय दिलाने के लिए जातीय जनगणना कराने का भरोसा दिया।

किसान आन्दोलन के समर्थन में दमन विरोधी सभा, निकाली गई रैली

अखंड भारत संदेश

कौंधियारा। आज बारा तहसील के रेही गाँव में दमन विरोधी जनसभा आयोजित की गयी। उसके बाद सड़वा सीमेंट फैक्ट्री तक रैली निकाली,जिसमें कई गांवों से आये किसानों मजदूरों महिलाओं ने पूरे जोश से भागीदारी किया।

रैली में हाथो में तख्तियों को पकडे.लोग नारे बोल रहे थे-

संयुक्त किसान मोर्चा जिंदाबाद , किसान आन्दोलन पर दमन बन्द करो, कारपोरेट नीतियां रद्द करो, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करो, सभी फसलों का लागत के डेढ़ गुना रेट की गारंटी करो, किसानों मजदूरों के सभी कर्जे माफ करो, 300 यूनिट घरेलू तथा नलकूप की बिजली मुफ्त दो, राशनकार्ड पोर्टल खोलो , कटे नाम जोड़ो, मनरेगा मजदूरी 700 रुपये रोज करो,आन्दोलन में दर्ज केस वापस लो, किसानों के हत्यारे अजय मिश्र टेनी को गिरफ्तार कर जेल भेजो आदि रैली व सभा का संचालन एआईकेएमएस के जिला सचिव राजकुमार पथिक, अध्यक्षता रामपाल, ने किया सभा में गुलाब कली, रेखा देवी, कुसुम कली, सुरसती, सुरेन्द्र पटेल, श्याम बहादुर पटेल, साई बक्स मकबूल शाह राम कैलाश कुशवाहा, हीरा लाल उपस्थिति रहे।

मऊआइमा पुलिस पर ग्रामीणों का हमला वर्दी फाड़े, मोबाइल छीने मारे पीटे मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। विवाद सुलझाने गयी मऊआइमा पुलिस को ग्रामीणों ने वर्दी फाड डाले और मारे पीटे मोबाइल छीन लिया गया। पुलिस शरारती तत्वों को चिन्हित कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम पिलखुआं निवासी दलित भारत लाल और अनिल कुमार पटेल के बीच रास्ते का विवाद चल रहा है बताया गया है कि इस मामले को सुलझाने के लिए दलित भारत लाल ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी मौके पर पहुंचे कांस्टेबल सुधीर कुमार के साथ अन्य पुलिसकर्मियों को अनिल कुमार पटेल आदि की घर की महिलाओं ने मारे पीटे , गालियां देते हुए वर्दी फाड डाले , मोबाइल तक छीन लिया गया।जब मऊआइमा थाने की भारी फोर्स गांव पहुंची तो शरारती तत्व घरों में ताला बंद कर फरार हो गए। पुलिस इस घटना को गंभीरता से लेते हुए कई नामजद अनेकों अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव के भुवल कुमार उर्फ राजू का आरोप है कि पुलिस ने उसके कार के शीशे , खिड़की आदि तोड दिए हैं।वह गांव छोड़ कर भाग कर खेत में पनाह लिए हुए है। अधिकांश लोग घरों में ताला बंद कर फरार हैं। इस बाबत इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह का कहना है कि इस घटना में आधा दर्जन को नामजद जबकि एक दर्जन अज्ञातों के विरुद्ध पुलिस मुजाहिमत, मार पीट, लूटपाट का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

प्रयागराज मंडल की टीम का तीसरा स्थान आने पर संघ ने किया सम्मानित

वैष्णवी दिक्षित की नेतृत्व में प्रयागराज मंडल का राज्य में तीसरा स्थान

नैनी। नैनी 15 से 18 फरवरी तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में संपन्न हुए सब जूनियर राज्य स्तरीय बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रयागराज मंडल की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया संघ के सचिव कौशल कुमार दीक्षित ने बताया कि टीम की कप्तान वैष्णवी दीक्षित के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को कई मैच में विजई बनाया वही टीम की खिलाड़ी टीम का भरपूर व शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को तीसरा स्थान पर काबिज किया लीग मैच में प्रयागराज मंडल ने मेरठ बरेली आजमगढ़ को विशाल गोलों के अंतर से पराजित किया उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय एवं उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल कर प्रयागराज का नाम रोशन किया प्रतियोगिता में प्रतिभा समस्त सब जूनियर बालिका खिलाड़ियों के सर्वोच्च प्रदर्शन पर क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह व उपक्रीड़ा अधिकारी श्रीदेवी प्रसाद क्षेत्रीय खेल कार्यालय मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट स्टेडियम प्रयागराज व संघ के सचिव कौशल कुमार दीक्षित द्वारा सम्मानित किया गया सचिव द्वारा बताया गया कि संघ द्वारा इसी प्रकार बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले समस्त खिलाड़ियों को हमेशा सम्मानित व प्रोत्साहित करते रहेंगे उक्त अवसर पर संघ के कई पदाधिकारी वी खिलाड़ी सोनम सिंह सृष्टि अग्रवाल तेजस्विनी सिंह नेहा पांडे अतुल सिंह वैभव दीक्षित राजकुमार सिंह पंकज यादव व संघ के पदाधिकारी बद्रीनाथ दिक्षित योगराज मिश्रा दिनेश कुमार मिश्रा रविंदर मिस गोविंद कुमार निषाद द्वारा सभी टीम के खिलाड़ी एवं पदाधिकारी को हार्दिक बधाई दी।

उपेंद्र सिंह को प्रबंध कमेटी सदस्य मनोनयन पर खुशी की लहर

अखंड भारत संदेश

फाफामऊ। बुधवार को व्यापार मंडल एवं नागरिकों की एक आवश्यक बैठक में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पूर्व फाफामऊ के पूर्व पार्षद उपेंद्र सिंह को उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की प्रदेश प्रबंध कमेटी मे सदस्य बनाए जाने पर भाजपा कार्यकताओं में खुशी जाहिर की है। फाफामऊ व्यापार मंडल के कार्यकताओं द्वारा बुधवार को एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में व्यापरियों ने कहा कि उपेंद्र सिंह के इस मनोनयन उनकी सत्य निष्ठा, ईमानदारी स्वच्छ छवि सरल स्वभाव से प्रभवित होकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के सन्त्रुति पर उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के प्रबन्ध निदेशक आरकेकुलश्रेष्ठ ने सदस्य निर्वाचित किया है। इस दौरान अखिल भारतीय व्यापारी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, आरडी वर्मा, धीरेंद्र केशरवानी, गौरव अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, शशि अग्रवाल, गोपीचंद केशरवानी, अभिषेक जायसवाल, विजय दीक्षित, श्याम बाबू गुप्ता भाजपा शिवकुटी मंडलअध्यक्ष भोला सिंह दर्जनों भाजपा कार्यकताओं ने खुशी जाहिर की है।

बाइक की भिडत मे तीन घायल-

करछना। क्षेत्र के बरदहा गाव के समीप बुधवार दोपहर करीब 2 बजे मेजा के मई खुर्द निवासी नाग्रेन्द अपनी मा मन्जू देवी को बाइक से इलाज कराने के लिए करछना की ओर आ रहा था अभी वह बरदहा के समीप पहुचा ही था कि सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक मे भिडत हो गई जिससे नागेन्द्र और मन्जू देवी को गभीर चोटे आई जबकि दूसरा बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुची 108 एबुलेन्स से घायलो को सीएचसी करछना लाया गया जहा प्राथमिक उपचार के बाद घायलो को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। डाक्टरो के मुताबिक दूसरा बाइक सवार की हालत ज्यादा नाजुक थी।

कोटेदार का कारनामा,शिकायत कर्ती से खाद्यान्न वितरण के बहाने लगवाया सादे कागज पर अंगूठा

अखंड भारत संदेश

शपथ पत्र देकर एसडीएम और एडीएम आपूर्ति से विधिक कार्यवाही की मांग क

सूर्यकली कार्ड धारक

कोराव। भ्रष्ट उचित दर विक्रेता का दिनों दिन मनोबल आपूर्ति इंस्पेक्टर के बल बूते बढ़ता जा रहा है। जिसका उदाहरण तहसील कोराव में देखने को मिला। ज्ञात हो कि उचित दर विक्रेता अल्हवा के विरुद्ध ग्रामीणों ने शिकायत की थी। जिस पर कई माह तक दुकान निलंबित थी। बहाली के बाद कोटेदार द्वारा जब पुनः घटतौली की जाने लगी तो खिसियाए कार्ड धारकों ने ग्राम प्रधान को भ्रष्ट कोटेदार के विरुद्ध कार्यवाही पुनः करने को कहा। जिस पर प्रधान ने विशेष सचिव खाद्य एवं रसद उत्तर प्रदेश सासन लखनऊ आदि को द्वारा उचित माध्यम शिकायत कर जांच कार्यवाही की मांग किए और आपूर्ति निरीक्षक कोरांव की स्वार्थ परक कार्य वृत्ति की भी शिकायत की। जिसकी जांच डीएसओ प्रयागराज को मिली। आपूर्ति निरीक्षक कोरांव ने शिकायत के निस्तारण में कोटेदार और अपने बचाव में शिकायत करने वाली शूर्यकली कोल पत्नी राम रसीले कोल का फर्जी अंगूठा साइन बना कर निस्तारित कर शिकायत को निराधार और शिकायत फर्जी करार देते हुए उक्त शिकायत की विशेष बंद की संस्तुति कर दी। जैसे ही जानकारी हुई तो राम रसीले कोल ने एडीएम नागरिक आपूर्ति प्रयाग राज तथा विशेष सचिव खाद्य रसद उत्तर प्रदेश सासन को और पुलिस आस्युक्त प्रयागराज को शपथ पत्र के साथ बिना मौके का जांच बयान लिए और शाइन फर्जी बताते हुए विधिक कार्यवाही और एफआईआर दर्ज किए जाने हेतु प्रेषित किया। इस संबंध में रमेश सिंह अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति प्रयागराज ने स्वत संज्ञान लेते हुए स्वय जांच कार्यवाही की बात कही। इधर कोटेदार अल्हवा ने अपने और आपूर्ति इंस्पेक्टर के बचाव में सूर्यकली कोल को बाइक से अपने घर 20 फरवरी को बुलाया,और खाद्यान्न देने के बाद सादे कागज तथा कुछ स्टांप पर अंगूठा लगवा लिया और घर के अंदर एक कमरे में उक्त कागज को हाथ में पकड़ा कर फोटो खींचा और वीडीओ बना लिया। धमकाया कि कहीं शिकायत मत करना वरना ठीक नही होगा। इस घटना की जानकारी सूर्यकली ने ग्राम प्रधान से बताई तब उक्त घटने को सूर्यक्ली पत्नी राम रसीले कोल ने एसडीएम कोरांव को 21फरवरी 2024 को बाहलफ शिकायत कर एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग एडीएम,एसडीएम और थाना प्रभारी कोराव से लिखित रूप से दी।

वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किये रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

मऊआइमा। मऊआइमा के सराय अतन नौगिरा में स्थित जनसेवा समिति माध्यमिक विद्यालय के वार्षिक उत्सव में छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि आर के वर्मा विधायक रानीगंज, विशिष्ट अतिथि इम्तियाज समी प्रमुख प्रतिनिधि, दूधनाथ पटेल, उत्सव की अध्यक्षता ओमप्रकाश गुप्ता ने किया, संचालक राजेन्द्र, दूधनाथ पटेल, प्रधानाचार्य राकेश कुमार शिवराम, रामराज ,लाल बाबू पटेल आदि मौजूद थे तथा छात्र छात्राओं के कार्यक्रम की प्रसंशा की।

निःशुल्क जांच का आयोजन कर किया गया लोगों को जागरूक

सहसों। वर्तमान समय में मनुष्य की नियमित जीवन शैली एवं जीवन जीने तथा भाग दौड़ की जिंदगी में दैनिक दिनचर्या, आचार विचार व नियम संयम विशेष महत्व रखता है। उक्त बातें हरि ओम हॉस्पिटल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट सहसों के तत्वावधान में सहसों बाईपास पर बुधवार को आयोजित निःशुल्क शुगर, बीपी एवं खून जांच के आयोजन में बतौर मुख्य वक्ता डॉक्टर अमित यादव ने कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लोगों की भाग दौड़ की दिनचर्या में नियमित जीवन शैली ही जीने का सही अधिकार है। आज इस भागम भाग जिंदगी में आज के युवाओं को भी शुगर, हाई ब्लड प्रेशर, मानसिक तनाव जैसे रोग अपने चपेट में लेता चला जा रहा है। जिसका प्रमुख कारण है अनियमित जीवन शैली, गलत ढंग से खानपान, देर से सोना, देर से उठना, व्यायाम न करना एवं तनाव युक्त जीवन चिंता जनक है। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को जागरुक करते हुए बताया कि स्वस्थ्य शरीर को निरोगी रखना है तो सुपाच्य भोजन, ताजा भोजन, कम तली भुनी खाद्य सामग्री का ही प्रयोग करें, भोजन के साथ एवं सोते समय गुनगुना पानी पिएं, हरी पत्तेदार सब्जियां खाएं, मौसमी फल का सेवन करें, प्रतिदिन 4 से 5 किलोमीटर पैदल टहलें, नियमित रुप से 10 से 20 मिनट का व्यायाम करें, हो सके तो मादक पदार्थों एवं धूम्रपान का सेवन कतई न करें। जिससे इन बीमारियों से बचा जा सकता है। एक स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ वातावरण में जीकर शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं। इस अवसर पर काफी संख्या में लोगों ने पहुंच कर निःशुल्क जांच का फायदा उठाते हुए जांच कराया। इस मौके पर प्रमुख रूप से राम सिंह, गीता देवी, राकेश पांडे, नौशाद, शिवम पाल, कृष्ण चंद्र सहित आदि लोग जागरूक होते हुए उपस्थित रहे।

अंजनी सक्सेना को मिली शिक्षाशास्त्र में पीएचडी की उपाधि

नैनी। नैनी सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय में अंजनी सक्सेना द्वारा शिक्षाशास्त्र में शोध कार्य पूरा करने पर उन्हें पीएचडी उपाधि दी गई। अंजनी सक्सेना के फाईनल वाइवा में चेयरपर्सन प्रो. जहाँआरा थी जबकि वाहय परीक्षक बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व प्रो.आरपी शुक्ला थे। अंजनी की पीएचडी की गाईड डॉ. सैयदा सारा अजीज थीं। अंजनी सक्सेना का शोध शीर्षक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के शैक्षिक विचारों एवं वर्तमान शिक्षा प्रणाली का तुलनात्मक अध्ययन था। जिसमें उन्होंने पाया कि डॉ. कलाम ने डिग्री के स्थान पर कौशल प्रमाण पत्र दिये जाने पर बल दिया। कक्षा 9 से 12 हेतु 25 प्रतिशत समय कौशल विकास कार्यक्रम के लिये आवंटित किया जाना चाहिये। विकसित भारत के लिये रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को वरीयता देनी चाहिये। आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में शिक्षक और शिक्षार्थियों के मध्य प्राचीन गुरूकुल व्यवस्था को स्थापित करने पर भी डॉ. कलाम ने जोर दिया। फाईनल वाइवा में एसोसिएट डीन डॉ. सामला मसीह, मास कम्यूनिकेशन के डीन डॉ.आशीष एलेक्जेंडर, ,डॉ. निहारिका डेनिस, डॉ. अनुपमा मेहता, डॉ. चिन्तामणि, डॉ. प्रेम प्रभा, डॉ. चेतना पाण्डेय, डॉ. संगीता अल्फ्रेड, डॉ. प्रक्षोभ, पूजा सोनपाकर आदि उपस्थित रहे।

पत्रकारों के समर्थन में उतरा भारतीय किसान यूनियन भानू

जारी प्रयागराज , तहसील बारा परिसर में भारतीय किसान यूनियन (भानू) के कार्यकर्ता पत्रकारों के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर कर आंदोलन पर बैठे गए कार्यकताओं ने कहा किअगर जल्द से जल्द सक्षम अधिकारियों द्वारा अपराधियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई और पत्रकारों के ऊपर दर्ज किए हुए फर्जी मुकदमे को वापस नहीं लिया गया तो 24 घंटे के बाद किसान यूनियन व सभी पत्रकार बंधुओ के साथ प्रयागराज जिलाधिकारी से मिलने के लिए कूच करेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी । जहां भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ता ने टोल प्लाजा की गुंडागर्दी के बारे में उप जिलाधिकारी बारा को अवगत कराया तथा किसान नेता भानू पूजा मिश्रा ने कहा कि हम पत्रकारों के साथ हैं और उनके साथ हो रहे अन्याय को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा टोलकर्मी आए दिन पत्रकारों, वकीलों , किसानों और सीमा पर रक्षा कर रहे आर्मी ऑफीसरों के परिजनों के साथ लगातार दुर्व्यवहार करते चले आ रहे हैं जल्द से जल्द इन टोल कर्मियों की गुंडागर्दी बंद हो और उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए किसान नेता द्वारा अधिकारियों को अवगत कराया कि पूर्व में भी तहसील दिवस पर जिलाधिकारी प्रयागराज को गन्ने टोल में हो रही अनियमितताओं और गुंडागर्दी के बारे में अवगत कराया गया था लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। धरने में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, प्रदेश प्रभारी पूजा मिश्रा, किसान क्रांति दल जिला अध्यक्ष दीपक तिवारी ,शुभम मिश्रा, जिला प्रभारी क्रांति दल, सौरभ चतुर्वेदी मीडिया प्रभारी प्रयागराज, छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा, मजदूर जिला अध्यक्ष उदल आदिवासी, मंडल महासचिव अंकुश शुक्ला , सहित दर्जनों की संख्या में किसान व पत्रकार उपस्थित रहे।

नैनी मंडल के नेतृत्व में ग्राम परिक्रमा के अंतर्गत किया जनसंपर्क

नैनी। नैनी के विभिन्न क्षेत्रों में किसान मोर्चा नैनी मंडल के नेतृत्व में ग्राम परिक्रमा के अंतर्गत जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज संजय श्रीवास्तव ने किया जनसंपर्क। संजय श्रीवास्तव ने लोगों से आह्वान किया एकजुट होकर 2024 के चुनाव में भाजपा को विजई बनाना है।

नदी नाले सार्वजनिक भूखंडों पर अब होगा पौधा रोपण

कोरांव। ग्राम सभाओं में ग्राम समाज की दुरपयोग हो रही जमीनें अब भू अतिचारियों को नहीं पच पाएगी। ग्राम पंचायतें अब नदी नाले पुराने खाली अनुपयोगी रास्ते,सार्वजनिक भू स्थलों ऊसर नवीन परती बंजर आदि की भू अभिलेखों में जितना दर्ज है उस पर मनरेगा द्वारा पौध रोपण कराया जायेगा। उक्त जानकारी ग्राम प्रधान अल्हवा और अखिल भारतीय प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश प्रयागराज मंडल प्रयागराज के मंत्री अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने दी। उन्होंने बताया कि काफी समय से लोग ऐसी जमीनों को भूमि प्रबंधक समितियों के निष्क्रियता से भू माफिया अतिक्रमण कर के गैर कानूनी तरीके से अपने चकों में सम्मिलित कर फसल उगा कर लाभ उठा रहे थे। जिससे राजस्व की अपूर्नीय क्षति हो रही थी।

प्रधान लीडर ने बताया कि प्रदूषित वातावरण को शुद्ध जल वायु और पर्यावरण हितार्थ उक्त भू खंडों पर जून जुलाई माह से गढ़े खुदवाए जायेंगें,और पौधारोपण कराया जायेगा।

श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता दूध व पानी जैसी मित्रता हैं : आचार्य हरिहर जी महाराज

अखंड भारत संदेश

सिरसा। प्रयागराज मेजा क्षेत्र में साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा के आखिरी दिन बुधवार को भटौती गांव में कथा सुनने के लिए स्थानीय श्रद्धालु भक्त श्रोता लोगो की भीड़ रही । कथावाचक के रूप में प्रयागराज से पधारे व्यासपीठ पर विराजमान आचार्य हरिहर महाराज जी ने कथा के सातवें दिन श्री कृष्ण -सुदामा की मित्रता व परीक्षित मोक्ष की कथा विस्तार से कही । उन्होंने कृष्ण -सुदामा की मित्रता का बखान करते हुए बताया कि संसार में चार या पांच प्रकार की मित्रता अच्छी व सच्ची मित्रता है । जिस में राम और सुग्रीव की मित्रता, दुर्योधन और कर्ण की मित्रता, कृष्ण और सुदामा की मित्रता , कृष्ण और अर्जुन की मित्रता व दूध और पानी की मित्रता है । उन्होंने दूध और पानी की मित्रता का गुणगान करते हुए बताया कि दूध पानी को भी अपने रंग में कर लेता है । और पानी भी स्वयं जल जाता है । लेकिन दूध को जलने नहीं देता । वही दूध भी पानी के गायब हो जाने पर व्याकुल होकर बाहर होने लगता है । लेकिन मित्र पानी को पाकर वह शांत हो जाता है । इस अवसर पर कलाकारों की ओर से कृष्ण व सुदामा की सुंदर व आकर्षक झांकी भी निकाली गयी । कथा के मुख्य श्रोता यजमान सभाकांत दुबे व नगेत्रा देवी की ओर से कथा व्यास सहित आचार्य लोगों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। कथा के आयोजक राम निहोर दुबे व संयोजक जगजीवन प्रसाद दुबे तथा व्यवस्थापक अरुण कुमार दुबे की ओर से सभी के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर भक्त लोग सहित महिलाएं मौजूद रही।

महाकुम्भ 2025 को दिव्य एवं भव्य बनाने के दृष्टिगत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी शीर्ष समिति की सप्तम बैठक वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न

लगभग 395 करोड़ की 21 परियोजनाओं का मिला अनुमोदन

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। महाकुम्भ 2025 को दिव्य एवं भव्य बनाने के दृष्टिगत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी शीर्ष समिति की सप्तम बैठक वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न हुई जिसमें लगभग 395 करोड़ की 21 परियोजनाओं को अनुमोदन मिला। इसमें प्रयागराज विकास प्राधिकरण की 05, नगर निगम की 02, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम की 01, उ०प्र० पावर का० लि० की 02, लो०नि०वि० की 04 तथा प्रयागराज मेला प्राधिकरण की 02 परियोजनायें सम्मिलित हैं। उ०प्र० राज्य सेतु निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यों के अन्तर्गत बेगम बाजार से भगवतपुर मार्ग तक एयरपोर्ट के समीप अर्द्धनिर्मित 02 लेन उपरिगामी सेतु को पूर्ण कराने हेतु सभी आवश्यक अनुमोदन मिल गए हैं। अब शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा । नगर निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यों के अन्तर्गत शहर के स्टेक होल्डर्स से की गयी मीटिंग के पश्चात 91 वार्डों की 199 परियोजनायें प्रस्तुत की गयी थीं, जिनमें से सभी को अनुमोदन मिल गया। सभी 91 वार्डों की चिन्हित कच्ची सड़कों के अपग्रेडेशन (इण्टरलाकिंग / सी०सी० द्वारा सड़क का सुधार कार्य) तथा पक्की नालियों एवं ब्रिक नालियों का निर्माण कराया जाएगा।जनपद के 07 घाटों के उच्चीकरण एवं सौन्दर्यीकरण के कार्यों को भी अनुमोदन मिला। इसमें बलुआघाट, अरैल घाट, मौज गिरि घाट, काली घाट, रसूलाबाद घाट, छतनाग घाट तथा नागेश्वर घाट सम्मिलित हैं। सौन्दर्यीकरण के अन्तर्गत घाटों पर चेन्जिंग रूम की व्यवस्था, फसाड एवं पेंटिंग, डिजाइनर पोलों द्वारा प्रकाश व्यवस्था, वृक्षारोपण, स्टोन रूलिंग, स्टोन बोल्डर्स, बेंच एवं डस्टविन तथा पूर्व निर्मित छतरी के सौन्दर्यीकरण का कार्य भी कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त शहर के तीन स्थलों पर जिसमें बक्शी बांध, मधवापुर सब्जी मण्डी तथा जी०टी० जवाहर चौराहा पर वेंडिंग जोन की स्थापना की जाएगी। तीनों स्थानों पर दुकानों हेतु स्थान आवंटन करने के साथ-साथ लाइट, रेलिंग, पेयजल एवं इण्टरलाकिंग का कार्य कराया जाएगा।इसी क्रम में वाल्मीकि एवं ब्रम्हा जी की मूर्ति स्थापना हेतु स्थल भी चिन्हित कर लिए गए हैं। अन्दावा चौराहे पर वाल्मीकि जी की तथा लेप्रोसी चौराहे पर ब्रम्हा जी की मूर्तियां लगायी जाएगी। यह मूर्तियां लगभग 30 फुट ऊंची होगी तथा कल्वरड मार्बल से बनाई जाएंगी।

आसपास के स्थान का भी सौन्दर्यीकरण कराया जाएगा। जनपद के कई सडकों के विकास के अन्तर्गत टैगोर टाउन में यशलोक हास्पिटल से बाल्सन चौराहे तक सडक पटरी सुधार कार्य, प्रयागराज मिजार्पुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा (लेप्रोसी चौराहा) से रज्जू भैया कालेज तक सड़क के सुदृढीकरण का कार्य, सरस्वती हाईटेक सिटी परिसर के अन्दर पार्किंग स्थल तक पहुंच मार्ग हेतु डीपीएस तिराहे से सरस्वती हाइटेक सिटी तक सड़क के चौड़ीकरण, सुदृढीकरण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य, सीमेट्री रोड बैरहना कासिंग से यमुना बैंक रोड के सड़क का सुदृढीकरण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य तथा अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में पूर्व निर्मित जॉगिंग ट्रेक के मरम्मत तथा पार्क में पूर्व निर्मित सड़क के सुदृढीकरण का कार्य भी कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त सिविल एयरपोर्ट से जीटी जवाहर चौराहे तक आईआईआईटी चौराहा बजरंग तिराहा होते हुए जीटी मार्ग के छूटे भाग के सौन्दर्यीकरण एवं लैंडस्क्रैपिंग का कार्य भी कराया जाएगा। शास्त्री ब्रिज तथा फोर्ट की दीवार पर फसाद लाइटिंग भी कराई जाएगी। प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा गंगा नदी के प्रवाह को व्यवस्थित करने के लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के साथ समन्वय स्थापित कर टोपोग्राफिकल सर्वे, मैथमेटिकल हाइड्रोलिक मॉडलिंग स्टडी, बैंबू पिन इंस्टॉलेशन तथा ड्रेजिंग वर्क के कार्यों को भी समिति से अनुमोदन मिला है। साथ ही दूर गाइड्स, नाविक, वॉलिंटियर्स, कुंभ सेवा मित्र, वेंडर्स, पुलिस पर्सनल एवं विभागीय अधिकारियों के बिहेवियरल चेंज, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, माड्यूल, सॉफ्ट स्किल्स वर्क तथा परफॉर्मेंस को बेहतर करने के दृष्टिगत ट्रेनिंग प्रोग्राम भी कराया जाएगा। इसके दृष्टिगत देश के कुछ प्रमुख संस्थानो को ऑलरेडी लिखा जा चुका है। प्रयागराज मेला प्राधिकरण एक 12 महीने का फैलोशिप प्रोग्राम भी करवाएगा जिसके अंतर्गत देश के प्रमुख संस्थानों से सैनिटेशन, मोबिलिटी, क्राउड मैनेजमेंट, सिक्योरिटी एंड सर्विलेंस, कम्युनिकेशन सर्विसेज, टेंपरेरी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, लेआउट प्लानिंग जैसे अन्य कार्यों हेतु क्वालिटी इनपुट्स एवं इंप्लीमेंटेशन सपोर्ट के दृष्टिगत 55 लोगों को आबद्ध किया जाएगा।

ब्लॉक सोरांव के परियोजना टीम के द्वारा किया गया निरीक्षण

प्रयागराज। निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन, गैप एनालिसिस व एफ एल एन प्रशिक्षण के संबंध में राज्य परियोजना कार्यालय की टीम एडी बेसिक प्रयागराज तथा डायट प्राचार्य द्वारा जनपद भ्रमण किया गया। टीम द्वारा ब्लॉक सोरांव में दो प्राथमिक विद्यालय सरायफत्ते व बहोरिकपुर का निरीक्षण किया गया। निपुण स्कूल व निपुण बच्चों को लेकर वहाँ के शिक्षकों से बात की गई और उनकी आगामी योजना की जानकारी प्राप्त की गई। टीम द्वारा बच्चों से भी बात करके जानकारी प्राप्त किया गया व टीम द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई और चुनौतियों से लड़ने का सुझाव भी दिया गया इसी क्रम में परियोजना टीम द्वारा बीआरसी सोरांव का भी निरीक्षण किया गया और एफ एल एन प्रशिक्षण की समीक्षा की गई। बीआरसी सोरांव में ही टीम द्वारा एसआरजी, एआरपी व बीओ के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की गई और ब्लॉक की आगामी योजनाओं के बारे में जानकारी लेते हुए टीम द्वारा गैप एनालिसिस का स्पॉट आकलन पर बात करते हुए गैप को भरने के उपाय बताए गए।इस दौरान बीओ शैलपति, एसआरजी प्रशांत, सुनील, एआरपी जय सिंह शशिकांत और पंकज त्रिपाठी उपस्थित रहे।

कोर्ट में पेश हुए अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी

महंत नरेंद्र गिरि आत्महत्या मामले में दर्ज कराया गया बयान

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे महंत नरेंद्र गिरि आत्महत्या प्रकरण के दूसरे गवाह रवींद्र पुरी बुधवार को जिला न्यायालय में पेश हुए। रविंद्र पुरी इस समय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष हैं। कोर्ट में उनका बयान दर्ज किया गया। इस दौरान कोर्ट में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का बंदोबस्त किया गया था। इस मामले में वादी मुकदमा अमर गिरि आज फिर हाजिर नहीं हुए।दरअसल, पिछली सुनवाई के दौरान रविंद्र पुरी कोर्ट में उपस्थित नहीं हो सके थे। कोर्ट को उनके अधिवक्ता ने बताया था कि जाम में फंसे होने के कारण अदालत पहुंचने में देरी हो रही है। इस पर अदालत ने अभियोजन की अर्जी पर विवेचक व सीबीआई के डिप्टी कमिश्नर एसके नेगी को तलब किया था।

पिछली तारीख पर नहीं आए थे रविंद्र पुरी

अभियोजन पक्ष ने अर्जी में बताया था कि महंत की आत्महत्या से जुड़े कई ऑडियो और वीडियो मौजूद हैं। विवेचक बताएं तो मामले के दूसरे गवाह रवींद्र पुरी से संबंधित ऑडियो व वीडियो से उनकी पहचान कराई जा सकती है। कोर्ट ने अर्जी को स्वीकार करते हुए विवेचक को कोर्ट में उपस्थित होकर संबंधित ऑडियो-वीडियो की गवाह से शिनाख्त कराने का निर्देश दिया था। इसके बाद अपर सत्र न्यायाधीश रामप्रताप सिंह राना ने सुनवाई की अगली तिथि 21 फरवरी तय कर दी थी।

इंटरसिटी एक्सप्रेस अब लाल गोपालगंज में भी रुकेगी

प्रयागराज। लखनऊ से प्रयागराज चलने वाली संगम-लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस अब लालगोपालगंज रेलवे स्टेशन पर भी रुकेगी। यह ट्रेन दोनों तरफ से संचालित होगी। ताकि वहां से यात्री ट्रेन में सवार हो सकें। इससे हजारों यात्रियों को फायदा होगा।ट्रेन संख्या-14210 और 14209 नौकरी पेशा, छात्रों की पसंदीदा ट्रेन है। हर रोज कई हजार यात्री प्रयागराज से लखनऊ और बीच में पड़ने वाले रेलवे स्टेशनों के लिए सफर करते हैं। काफी वक्त से इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव लालगोपालगंज स्टेशन पर करने की मांग उठ रही थी। आखिरकार रेलवे ने सर्वे के बाद इस ट्रेन का ठहराव शुरू कर दिया।

सांसद केशरी देवी पटेल ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को किया रवाना : बुधवार को लालगोपालगंज रेलवे स्टेशन पर सांसद केशरी देवी पटेल ने हरी झंडी दिखाकर स्टापेज का शुभारंभ किया। यह गाड़ी दोनों दिशाओं में लालगोपालगंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव लेते हुए अपने गंतव्य की ओर रवाना हुई। इस मौके पर रेलवे के आला अफसर भी मौजूद रहे। सांसद केशरी देवी पटेल ने कहा कि क्षेत्रवासियों को इस ट्रेन से लखनऊ से होकर प्रयागराज संगम आने-जाने के लिए किसी अन्य स्टेशन पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

अचानक घर की जर्जर दीवाल गिरने से दब कर महिला की मौत

करछना। थाना क्षेत्र के अमिलो गांव में बुधवार को एक कच्चे खपरैल मकान की पुरानी व जर्जर कच्ची दीवाल के अचानक ढह जाने से घर की एक महिला दीवाल के नीचे दब गई । जिसकी उसकी मौके पर ही मौत हो गई। और परिजनों में कोहराम मच गया। करछना थाना क्षेत्र के अमिलो गांव के मजरा मरचहा का डेरा गांव निवासी आशीष विश्वकर्मा की पत्नी पुष्पा देवी विश्वकर्मा 40 वर्ष बुधवार दोपहर में घर के अंदर कमरे में काम कर रही थी। अचानक घर के पीछे की कच्ची व जर्जर दीवाल भर भरा के गिर गई। जिससे महिला दीवाल के नीचे दब गई। शोर शराब पर जुटे आसपास के लोगों की ओर से काफी मशक्कत के बाद महिला को बाहर निकला गया। एस आर एन के डॉक्टरों की ओर से महिला को मृत घोषित कर दिया गया।पति मेहनत मजदूरी करता है अचानक पत्नी की मौत से वह गमजदा बैठा रहा।

श्रमिक कॉलोनी मालिकाना अधिकार आंदोलन हुआ तेज, असर लखनऊ तक

रक्षा मंत्री के सामने नारेबाजी कार्रवाई का आश्वासन 43 वर्षों से लंबित सबसे बड़ी गंभीर समस्या के समाधान की मांग

अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी समेत उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित औद्योगिक श्रमिक बस्ती के आवासों में रहने वाले लोगों को मालिकाना अधिकार दिए जाने का आंदोलन अब तेज हो गया है। नैनी के निवासियों के आंदोलन से प्रभावित होकर कल लखनऊ श्रमिक कॉलोनी के निवासियों ने रक्षा मंत्री के सामने नारेबाजी की और ज्ञापन दिया। श्रमिक कॉलोनी मालिकाना अधिकार आंदोलन के संयोजक, श्रमिक कॉलोनी, श्रमिक बस्ती समिति, नैनी के सचिव विनय मिश्र ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि लखनऊ स्थित ऐशबाग लेबर कॉलोनी में कल केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम डॉक्टर दिनेश शर्मा जी गए थे। वहां पर श्रमिक कॉलोनी की सैकड़ो महिलाओं ने उनके सामने नारेबाजी की और मालिकाना अधिकार दिए जाने के लिए कार्रवाई का अनुरोध किया। रक्षा मंत्री को

लोगों ने बताया कि उत्तर प्रदेश श्रम विभाग पिछले 43 वर्षों से इस समस्या को लटकाए हुए हैं । 70 साल से लोग इन आवासों में रह रहे हैं। श्रम विभाग की तानाशाही के कारण समस्या का समाधान नहीं होना हो पा रहा है। 1978 में केंद्र सरकार ने मालिकाना अधिकार दिए जाने का आदेश भी जारी कर दिया था। लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। ज्ञापन लेते समय केंद्रीय रक्षा मंत्री लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने आश्वासन दिया है कि वे समस्या का समाधान कराएंगे। बताया जाता है कि श्रमिक कॉलोनी, ऐशबाग, लखनऊ स्थित पार्क में एक जिम के उद्घाटन के समय मालिकाना अधिकार दिए जाने की समस्या के समाधान की मांग की गई।श्रमिक बस्ती समिति के सचिव विनय मिश्र ने कहा है कि श्रमिक कॉलोनी मालिकाना अधिकार आंदोलन पूरे प्रदेश में शुरू होने जा रहा है। श्रमिक कॉलोनी नैनी के निवासी पिछले अगस्त माह से मालिकाना अधिकार दिए जाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन सभा आंदोलन कर रहे हैं। श्रमिक बस्ती समिति के सचिव विनय मिश्र ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित औद्योगिक श्रमिक बस्ती के लाखों आवासों के करोड़ों लोग इस समस्या से प्रभावित हैं। पूरे प्रदेश के मजदूरों यह सबसे बड़ी गम्भीर समस्या है। इसके समाधान के लिए पिछले 43 वर्षों से लोग संघर्ष कर रहे हैं।

लोक सेवा आयोग के गेट पर युवाओं का प्रदर्शन

प्रयागराज। आरओ-एआरओ व पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक के विरोध में आज दूसरे दिन बुधवार को भी अभ्यर्थियों का प्रदर्शन जारी रहा। लोक सेवा आयोग के गेट पर जुटे सैकड़ों अभ्यर्थियों ने नारेबाजी की और उच्च स्तरीय जांच कराने के साथ साथ पुनः परीक्षा कराने की मांग की गई। वहीं, कल गुरुवार को बड़ी संख्या में अभ्यर्थी इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रसंघ भवन से पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचेंगे। जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भी ज्ञापन भेजेंगे। समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय सम्राट ने युवाओं को इसमें शामिल होने का आह्वान किया है।

अभ्यर्थियों के समर्थन में उतरी आइसा : पेपर लीक के खिलाफ आंदोलन को ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा) ने अपना समर्थन दिया। इकाई सचिव मनीष कुमार ने आंदोलन को समर्थन देते

हुए तथा सभा को संबोधित करते हुए कहा की उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में आए दिन सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होते हैं जो न सिर्फ शर्मनाक है बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ भी है। इसके खिलाफ शहर के युवा शुक्रवार को मार्च निकालकर विरोध दर्ज करेंगे तथा उत्तर प्रदेश का यंग इंडिया, 28 फरवरी को दिल्ली कूच करेगा और पेपर लीक, भ्रष्टाचार, और धांधली के खिलाफ आवाज उठाएगा।

दिल्ली कूच करेंगे अभ्यर्थी

मनीष कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार और केंद्र की मोदी सरकार युवाओं को शिक्षा और रोजगार दे सकने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है जो यंग इंडिया द्वारा कराए गए जनमत संग्रह में साफ दिखाई दिया। इंकलाबी नौजवान सभा के शहर सह सचिव सोनू यादव ने चलो दिल्ली अभियान के तहत समर्थन देते हुए रोजगार की लड़ाई को मुखरता के साथ उठाने तथा पेपर लीक और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग की। 28 फरवरी को यंग इंडिया द्वारा चलो दिल्ली आवाहन के तहत शिक्षा और रोजगार के लिए इलाहाबाद विश्व विद्यालय तथा अन्य प्रतियोगिता छात्र अपनी मूलभूत मांगों के लिए दिल्ली कूच करेंगे।

हैदराबाद के लिए सीधी फ्लाइट सेवा शुरू

प्रयागराज। इसी तरह सदस्य रमेश चंद्र अग्रवाल, चंद्रशेखर ओझा ने नागपुर, अहमदाबाद, करने की मांग की। इसके पूर्व एयरपोर्ट निदेशक राजीव रत्न पांडेय ने एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के कार्य के बारे में विस्तार से समझाया। कहा कि दिसंबर 24 तक एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का कार्य पूरा हो जाएगा।उन्होंने यहां होने वाले काम भी गिनाए। इस दौरान पिछले वर्ष 17 नवंबर 23 को हुई बैठक की कार्यवृत्ति भी उन्होंने पेश की। कहा कि एयरपोर्ट पर एंबुलेंस की व्यवस्था अब हो गई है। इसके अलावा रोडवेज से कहा गया है कि वह नियमित रूप से सिविल लाइंस, रेलवे स्टेशन होते हुए सीधी बस सेवा शुरू करे। वहीं पुलिस से भी कहा गया है कि प्रीपेड टैक्सीबूथ की व्यवस्था एयरपोर्ट पर की जाए।

नगर निगम प्रयागराज के द्वारा कार्रवाई अल्लापुर स्थित भवन में दुकान सील

प्रयागराज। नगर विकास विभाग उ0प्र0शासन से प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 सत्र के समाप्ति के सन्निकट गृहकर वसूली अभियान में तेजी दिखाते हुए नगर निगम प्रशासन की वसूली टीम द्वारा वर्षों से बकाये के रूप में गृहकर को रोकने वाले भवन स्वामियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए बुधवार को जोनल कार्यालय खुल्दाबाद व ट्रान्सपोर्टनगर में 16 भवन स्वामियों पर प्रस्तावित कुर्की के दौरान भवन स्वामियों से आंशिक तथा सम्पूर्ण धनराशि जमा कराई गयी तथा भवन संख्या 60/73 मीरा पट्टी पर गृहकर बकाया के दृष्टिगत सीलिंग की कार्यवाही गयी सीलिंग के उपरान्त भवन स्वामी द्वारा आंशिक भुगतान करते हुए धनराशि रू0-10.00 हजार जमा करने पर सीलिंग कार्यवाही से मुक्त किया गया।जोनल कार्यालय अल्लापुर में 12 भवन स्वामी पर प्रस्तावित कुर्की के दौरान भवन संख्या 630/90ए/15/4 ओ बाद्यम्बरी गद्दी भवन स्वामी श्रीमती कौशल्या श्रीवास्तव के भवन पर गृहकर धनराशि रू0-38.00 हजार बकाया न जमा करने पर भवन में ही स्थित दुकान पर सीलिंग की कार्यवाही की गयी। इस प्रकार सभी जोनों से कुर्की वसूली के दौरान गृहकर में प्राप्त कुल धनराशि रू0-11.83 लाख कैश/चेक

के माध्यम से वसूलयावी की गयी।कार्यवाही का नेतृत्व करते हुए मुख्य कर निर्धारण अधिकारी की वसूली टीम में कर अधीक्षक अल्लापुर झम्मन सिंह व कर अधीक्षक खुल्दाबाद राकेश कुमार तथा नगर निगम प्रर्वतन दल की टीम कार्यवाही में शामिल रहे।

सड़क चौड़ीकरण की जद में आए लोगों के साथ पीडीए का सौतेला व्यवहार, आक्रोश

झूंसी। सड़क चौड़ीकरण को लेकर प्रयागराज विकास प्राधिकरण का जो मानक तैयार किया गया है। वह अपने ही मानक पर खरा नहीं उतर रहा है। लोटस हॉस्पिटल से नई झूंसी जाने वाले मार्ग पर चौड़ीकरण की जद में आए रासूखदारों के सामने पीडीए का बुलडोजर असहाय नजर आ रहा है। अपना मकान तोड़ चुके लोगो मे इस बात को लेकर आक्रोश उत्पन्न हो रहा है कि राजनीतिक व रसूखदार लोगो का पीडीए बचाव कर रहा है। महाकुंभ 2025 के लिए शहर के साथ-साथ नैनी, झूंसी, फाफामऊ की सड़कों को चौड़ा किया जा रहा है। नई झूंसी से पुरानी झूंसी जाने वाली सड़क को 12 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। चौड़ीकरण की जद में आए लोगों को नोटिस दी गई न तोड़ने चेतावनी दी गई तो चौड़ीकरण की जद में आये ज्यादातर लोगों ने अपने-अपने मकान को तोड़ लिया। भाजपा गंगापार जिला महामंत्री मनोज निषाद का आरोप है कि कुछ रसूखदार अब भी अपने मकान को नहीं तोड़ रहे है। जिसके मामले में पीडीए अनदेखी कर रहा है और सड़क के चौड़ाई को कम ज्यादा किया जा रहा है। जिससे मकान तोड़ चुके लोगों में असंतोष व आक्रोश है। मामले में पीडीए के जोनल संजीव कुमार ने बताया कि समानता के साथ काम किया जा रहा है।

सिविल लाइंस बस अड्डे पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

प्रयागराज। को सिविल लाइंस बस अड्डे पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नागरिकों व यात्रियों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ केंद्र प्रभारी श्रीमती कल्पना तिवारी ने सभी परिचालकों, चालकों , कर्मचारियों व यात्रियों से यह अपील किया कि वह आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान अवश्य करें और लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें।इस असवर पर स्वीप के नोडल अधिकारी/जिला विद्यालय निरीक्षक पी. एन. सिंह, प्रभारी स्वीपगण अनुपम परिहार, एकता शुक्ला, डॉ. राकेश पांडेय, शेषनाथ सिंह, तकनीकी सहायक देवेंद्र कुमार सिंह के अलवा अशोक राय, दीपक चन्द्र वर्मा, रतन शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे। अंत में कल्पना तिवारी के द्वारा उपस्थित लोगों को मतदान करने की शपथ दिलवाई।

नव नियुक्त भाजपा मंडल प्रभारी अरविंद शुक्ला और श्यामराज यादव का किया स्वागत

करछना। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा करछना के करछना मंडल में श्यामराज यादव और भीरपुर अरविंद शुक्ला को जिला नेतृत्व द्वारा प्रभारी नियुक्त किये जाने पर करछना मंडल अध्यक्ष पंकज द्विवेदी मंडल अध्यक्ष भीरपुर अजय सिंह ने माल्यार्पण कर मुह मीठा कराते हुए हार्दिक बधाई दी बधाई देने वालों में मंडल उपाध्यक्ष राघवेंद्र मिश्रा, किसानमोर्चा जिलाउपाध्यक्ष राजेश शुक्ल, विधानसभा विस्तारक अनिल मौर्या, पवन यादव, श्यामधर द्विवेदी, आनंद तिवारी, मस्तराम आदि लोग उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत अल्हवा विकास खण्ड – कोरांव, प्रयागराज

अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त योजना एवं मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत–अल्हवा के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से अद्योलिखित विवरण के अनुसार कार्य कराने हेतु दिनांक 22.02.2024 से दिनांक 07.03.2024 सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 08.03.2024 को सायं 2 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र 10 रू0 के स्टाम्प पेपर के साथ ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा। किसी एक अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नियम एवं शर्तो की जानकारी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

नोट– सामग्री की मात्रा स्वीकृत प्राकलन के अनुसार बढ़ घट सकती है।

क्र0	योजना का नाम	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	कार्य पूर्ण करने का समय
1.	पंचम राज्य वित्त 15वां केन्द्रीय वित्त	अल्हवा में बुद्धसेन के घर से अवधेश सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	10.75 लाख	2 माह

अहद अहमद सिद्दीकी
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत अल्हवा
वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

सुनील कुमार सरोज
ग्रा0 वि0 अधि0
ग्राम पंचायत अल्हवा
वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत –निविदा/2023–24/दिनांक 21.02.2024

वीयन आईटीआई में लगा खण्ड स्तरीय रोजगार मेला

131 अभ्यर्थियों का हुआ चयन, दिया गया सेलेक्शन प्रमाण पत्र

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। वीयन आईटीआई, पहाड़पुर में खण्ड स्तरीय रोजगार मेले में बोलते हुये नोडल प्रधानाचार्य बीबी सिंह ने कहा कि हर कुशल कारीगर के हाथों को हुनर के अनुसार काम देना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है।

उन्होंने रोजगार मेले में चयनित 131 अभ्यर्थियों को सेलेक्शन प्रमाण पर देते हुये कहा कि आज बड़े पैमाने पर आईटीआई सहित कौशल विकास के प्रशिक्षणों के माध्यम से भारत के युवाओं को तकनीकी शिक्षा प्रदान कर उन्हें हुनरमन्द बनाने की पहल उत्तर प्रदेश सरकार भारत सरकार के मार्गदर्शन में कर रही है। प्रधानाचार्य ने कहा कि हुनमन्द

रोजगार मेले में मौजूद अतिथिगण।

कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा पर सरकार के जोर और पहल का ही परिणाम है कि आज देश के साथ साथ विदेशों में भी तकनीकी शिक्षा प्राप्त भारत के युवाओं को नौकरियों में प्राथमिकताएं मिलनी शुरू हो गई हैं। उन्होंने कहा कि आज तकनीकी शिक्षा का युग चल रहा है और कामयाबी के लिये तकनीकी शिक्षा के बगैर अब प्रतिभा का निखार सम्भव नहीं है, इसीलिए सरकार हर स्तर पर छोटे से लेकर बड़े माध्यमो से आईटीआई, पॉलिटेक्निक के साथ साथ रोजगार परक कौशल विकास के लिये अभियान चलाकर पहल कर रही है ताकि बेरोजगारी दूर करने के साथ-साथ स्वरोजगार के माध्यम से भी युवाओं में स्वालम्बन बढ़े और वह खुद भी रोजगार पैदा करने में सक्षमता हासिल कर सकें। प्रधानाचार्य ने इस अवसर पर वीयन आईटीआई पहाड़पुर के कौशल विकास की दिशा में किये जा रहे प्रयासों और व्यवस्थित वर्कशाप के माध्यम से युवाओं को प्रॉपर भौतिक प्रशिक्षण देने के लिये प्रबंधनतंत्र की सराहना की। इस अवसर पर आईटीआई के संचालक एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा भूपेश त्रिपाठी ने बताया कि बड़े पैमाने पर रोजगार मेले में युवाओं के सेलेक्शन के पूर्व भी संस्थान इस बात का भरसक प्रयास करता है कि युवाओं को बेहतर तकनीकी शिक्षा प्रदान कर उन्हें वास्तविक हुनर मन्द बनाया जाय और इसी का परिणाम है कि देश के तमाम सरकारी महकमों में नौकरी के साथ साथ विदेशों में भी नौकरी हासिल कराने का गौरव वीयन आईटीआई को प्राप्त हो चुका है। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष राम लखन प्रजापति, रवींद्र पाण्डेय, जिला कार्यक्रम प्रबंधक कौशल विकास मिशन, उमानाथ त्रिपाठी प्रबंधक वीयन आईटीआई, अभिषेक श्रीवास्तव एचआर हेड सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता निभाई। रोजगार मेले में कुल प्रतिभाग किये 210 युवाओं में से 131 का चयन उनकी योग्यतानुसार नौकरियों हेतु किया गया।

कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी का नवाबगंज चौराहे हुआ भव्य स्वागत

कौशाम्बी में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के समापन में भाग लेने पहुंची

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। भाजपा कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी बुधवार को संसदीय क्षेत्र कौशाम्बी के स्टेडियम मे चल रहे सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में कौशाम्बी जाते हुए कुछ पल के लिए नवाबगंज चौराहे पर उनका काफिला लगभग ढाई बजे रुका। काफिला रुकते ही भाजपा समर्थकों व कार्यकर्ताओ ने जोरदार नारे लगाकर स्वागत किया।

कौशाम्बी सांसद बिनोद सोनकर व पट्टी पूर्व विधायक मनोज तिवारी पूर्व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्रा ने केंद्रीय कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी को गुलदस्ता भेट किया। स्वागत से गदगद हुई भाजपा कैबिनेट मंत्री के चेहरे पर खुशी की चमक दिखाई दी। भाजपा कुसुवापुर मंडल उपाध्यक्ष मुखिया शुभम सोनकर ने कैबिनेट मंत्री को ग्राम पंचायत केरावडीह से संबंधित बंद शिकायत् पत्र लिफाफा दिया।

कार में कैबिनेट मंत्री का स्वागत करते सांसद विनोद सोनकर।

इसके बाद केंदीय मंत्री का काफिला भाजपा सांसद बिनोद सोनकर के साथ आलापुर पहुंचा, जंहा भाजपा के हरकेश शुक्ला ने अपने समर्थको के साथ कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया। इसके बाद काफिला कौशाम्बी, लेहदरी, गंगापुल के उस पार पहुंचा जंहा सिराथू के पूर्व बिधायक शीतला प्रसाद पटेल ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया इसके बाद कैबिनेट मंत्री का काफिला कौशाम्बी के स्टेडियम में चल रहे।

प्रतोयोगिता के समापन करने के लिए रवाना हुआ। कैबिनेट मंत्री के काफ़िला आने से पहले कुछ पल के लिए राजमार्ग से गुजरने वाले छोटे बड़े वाहनों को दोनों तरफ से रोक दिया गया। इस मौके पर भाजपा सांसद मीडिया प्रभारी भूपेंद्र पाण्डेय, सतीश चंद्र चौरसिया, सुरेश त्रिपाठी, सिंधुजा मिश्र सेनानी, पवन गौतम पूर्व भाजपा प्रत्याशी बाबागंज, डिम्पू जायसवाल मानिकपुर चेयरमैन प्रतिनिधि, डा सुमन साहू कुंडा पूर्व प्रत्याशी भाजपा, राम खेलावन पटेल प्रधान जनवामऊ, प्रदीप कुमार गुप्ता ग्राम प्रधान कोराली, धर्मेंद्र मिश्रा, मोहित मिश्रा, सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

महिलाओं को पत्रक वितरित करतीं सारिका श्रीवास्तव व अन्य।

घर-घर पहुंचकर पीएम कल्याण योजनाओं की जानकारी दे रही महिलाएं

महिला मोर्चा की नेता सारिका श्रीवास्तव के नेतृत्व में निकला जागरुकता दल

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला मीडिया प्रभारी सारिका श्रीवास्तव के नेतृत्व में सदर क्षेत्र के स्टेशन रोड, पुराना माल गोदाम रोड, जैन गली सहित आसपास के क्षेत्रों में एक-एक घर में जाकर महिलाओं से सम्पर्क कर उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महिलाओं के सम्बन्ध में की गई जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा उनमें जागरुकता पैदा करने के लिये नारी सशक्तिकरण का पत्रक वितरित किया।महिला मोर्चा की नेता सारिका श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं के उत्थान के लिये बडे-बडे निर्णय लिये हैं। इसके अलावा कानून व्यवस्था सुधरने से भी महिलाएं सुरक्षित महसूस करती हैं। इस जागरुकता अभियान में अनीता सिंह, अंजली देवी, सुष्मिता, शीलू दुबे, नीतू श्रीवास्तव, सीमा सिंह, किरन, शोभाली सिंह आदि शामिल रहीं।

भाजपा के हुए बसपा नेता अशोक त्रिपाठी

प्रदेश अध्यक्ष व दोनों डिप्टी सीएम के समक्ष ग्रहण की सदस्यता

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। बसपा नेता पूर्व लोकसभा प्रतापगढ़ के प्रत्याशी रह चुके अशोक त्रिपाठी बसपा छोड़कर बुधवार को लखनऊ प्रदेश भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बन गए। यह सदस्यता उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चैधरी, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक एवं डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में ग्रहण की। सदस्यता के दौरान प्रतापगढ़ से हजारों की संख्या में गए समर्थक उत्साह में नजर आए।

बता दें कि दो दशक से बहुजन समाज पार्टी का झंडा लहरा रहे पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अशोक त्रिपाठी ने बसपा का दामन छोड़ दिया। वह पूरे लाव लश्कर के साथ भाजपा प्रदेश कार्यालय लखनऊ पहुंचे और वहां पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता

डिप्टी सीएम के समक्ष सदस्य ग्रहण करते अशोक त्रिपाठी।

ग्रहण कर ली। उनके सदस्य ग्रहण करने के समय प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चैधरी, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रहे। इस दौरान सैकड़ो गाड़ियों के काफिले से हजारों की संख्या में पहुंचे उनके समर्थक उत्साह में नजर आए।इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम चुके अशोक त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की रीतियों और नीतियों के अनुसार वह कार्य करेंगे। भाजपा को और भी मजबूती प्रदान करना उनका प्रथम उद्देश्य रहेगा। पार्टी के दिए हुए आदेश को वह सच्चे सिपाही की तरह क्रियान्वित करने में अपनी पूरी ऊर्जा का उपयोग करेंगे।

उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान श्री राम को मंदिर में विराजमान करा करके सनातनियों के पांच सौ वर्ष के संघर्ष को संजीवनी प्रदान की है। आज हिंदू धर्म गौरवान्वित महसूस कर रहा है। बीजेपी ने नारा दिया है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की आज पूरी दुनिया में सराहना हो रही है। आज उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तरक्की की राह पर मजबूती से आगे बढ़ चला है।

फांसी के फन्दे से लटकता मिला दो दिन पहले गायब किशोर का शव

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। घर से गायब किशोर का फांसी के फंदे पर शव लटकता मिलने से हडकंप मच गया। जानकारी होने पर पहुंचे किशोर के परिजन शव देख दहाड़े मार रोने बिलखने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया।

लालगंज कोतवाली के अनेहरा गांव निवासी अंकित प्रजापति (17) पुत्र राजकुमार प्रजापति लीलापुर थानान्तर्गत मुल्तानीपुर में अपने नाना रामकृपाल के यहां रहकर इण्टर की पढ़ाई कर रहा था। ननिहाल के लोगों का कहना है कि वह बीती उन्नीस फरवरी को बिना किसी से कुछ बताए सुबह घर से निकला था। देर शाम तक वापस न लौटने पर परिजन उसकी खोजबीन करने लगे। कहीं पता न चलने पर मामा बाबूलाल प्रजापति ने उन्नींस फरवरी को ही पुलिस को अंकित के गायब होने की तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया। इधर पड़ोसी गांव सड़वा

शव को पीएम के लिये भेजकर जांच में जुटी पुलिस

दुबान स्थित बाबू का बाग में सुबह करीब सात बजे शौच को गये लोगों ने एक पेड़ से किशोर का शव लटका देखा तो इसकी जानकारी अन्य ग्रामीणों को भी दिया। देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जुट गयी। जानकारी होने पर गायब अंकित की खोजबीन में जुटे ननिहाल के लोग भी वहां पहुंचे और शव की शिनाख्त अंकित के रूप में होते ही कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। मृतक इकलौता पुत्र था उसकी दो बहनें श्वेता व स्वाती हैं जो पिता के साथ मुम्बई में रहती है। एसओ नीरज यादव का कहना है कि मृतक किशोर के माता पिता मुम्बई में रहते हैं। उन्हें सूचना दी गई है, मामले में कोई तहरीर अभी नही मिली है। घटना की जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट से ही घटना का राजफाश हो सकेगा।

जेईई मेन्स परीक्षा में प्रियांक व देवाशीष ने दिखाया अपनी प्रतिभा का जलवा

प्रियांक के पिता डिग्रीकालेज कालाकांकर में प्रोफ़ेसर, देवाशीष की मां ग्राम प्रधान

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। जे ई ई मेन्स परीक्षा में सर्वोच्चय अंक हासिल करने वाले प्रियांक यादव ने स्कूल के साथ साथ परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया प्रियांक अपनी शिक्षा चिन्मयानंद विद्यालय ऊंचाहार से पुरी किया जिसमे जे ई ई मेन्स की परीक्षा मे 98.11 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल के साथ परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया प्रियांक अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व चाचा को डा रामबरन को बताया। प्रियांक के पिता डा0 रामकरन यादव एम एम पी जी कालेज कालाकांकर मे प्रोफ़ेसर के पद पर कार्यरत है।

बेटे की इस सफलता पर कालेज की प्रबंधिका राजकुमारी रत्ना सिंह, राजभवन मैनेजर डा धनश्याम यादव व कालेज के प्राचार्य डा शिवम श्रीवास्तव, प्रो सूर्यभान सिंह, डा भूपेश सिंह, डा श्रेष्टि कुशवाहा, डा एस पी सिंह व कालेज के समस्त स्टॉफ ने प्रियांक की इस सफलता पर डा रामकरन को बंधाई व शुभकामनाये दिया। प्रियांक का बड़ा भाई लखनऊ मे बी ए एल एल की पाँचवी सेमेस्टर की तैयारी कर रहा है। प्रियांक की इस सफलता पर घर के सभी परिजन व ग्रामवासी काफी उत्साहित दिखाई दिये। रिश्तेदारो ने फोन पर प्रियांक को व माता पिता को बंधाई के साथ घर पर आकर मुह मीठा किया और ईश्वर से उज्जवल भविष्य की कामना किया। प्रियांक जनवरी 2024 मे संचालित जेईई मेन्स परीक्षा मे सर्वोच्य अंक हासिल कर अपना परचम लहराकर अपना जलवा कायम किया। इसी क्रम मे एस ए वी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरवलिया से ज्वाइंट इंट्रेन्स परीक्षा जनवरी 2024 मे सर्वोच्य अंक हासिल करने वाले होनहार छात्र देवशीष यादव ने मेन्स परीक्षा मे 94.98 अक प्राप्त कर स्कूल के साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया देवाशीष यादव की मां कालाकांकर ग्राम पंचायत अतौलिया की वर्तमान ग्राम प्रधान है। पिता खेती बारी के साथ ग्राम पंचायत के कार्यो की देख रेख करते हैं। देवाशीष अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता को बताया देवाशीष की इस सफलता से ग्रामवासी व परिजन के साथ रिश्तेदार काफी गदगद हैं। देवाशीष के गुरु उदय प्रताप यादव इस सफलता से काफी उत्साहित हैं।

प्रशासनिक अधिकारी को सम्मानित करते व्यापार मण्डल के पदाधिकारीगण

प्रशासनिक अधिकारी सुशील कुमार को व्यापार मण्डल ने किया सम्मानित, सम्मान पत्र देकर दी बधाई

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी व जिला महामंत्री संजय सोनी के साथ जिला उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र केसरवानी, मंत्री राहुल केसरवानी, संगठन मंत्री विष्णु सिंह, प्रचार मंत्री हरीश सोनी आदि ने वाणिज्य कर विभाग में कई वर्षों से कार्यरत कर्मनिष्ठ और ईमानदार प्रशासनिक अधिकारी के पद से सुशील कुमार को पदोन्नति कर वाणिज्य कर कमिश्नर (उ.प्र.सरकार) द्वारा राज्य कर अधिकारी बनाए जाने पर उन्हें सम्मानित करने वाणिज्य कर विभाग पहुंचे। सम्मान के अवसर पर सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी ने उपायुक्त प्रभारी वाणिज्य कर राज्यकर अधिकारी राम भवन आनंद कुमार सिंह द्वारा सुशील कुमार को माला पहनवाने के बाद व्यापार मंडल की ओर से स्वयं माला पहनाकर, शाल ओढ़ाकर एवं बधाई सम्मान-पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। इस सम्मान के अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी ने कहा कि सुशील जी ने अपनी मृदुभाषिता और ईमानदार कार्यकुशलता से व्यापारियों का कार्य सरलता से कर विभाग के प्रति समर्पण भाव से काम किया है। इस अवसर पर यापार मंडल के पदाधिकारियों व व्यापारियों के अतिरिक्त वाणिज्य कर विभाग के सुनील कुमार चैधरी, विद्या त्रिपाठी एवं संदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

1.10 लाख परीक्षार्थियों के लिए बनाए गए हैं 199 परीक्षा केंद्र

उत्तर पुस्तिका के साथ केंद्रों पर पहुंचाए गए प्रश्नपत्र, बांटे जा रहे आइकार्ड

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिले में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। डीआइओएस कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम से सभी 199 परीक्षा केंद्रों को जोड़ दिया गया है। कापी, पेपर सभी केंद्रों पर भेज दिया गया है। कक्ष निरीक्षकों के आइ कार्ड वितरित किए जा रहे हैं।

हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाएं 22 फरवरी से हो रही हैं। पहली पाली की परीक्षा सुबह 08:30 बजे से 11:45 बजे तक होगी। दूसरी पाली की दोपहर दो बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी। इस बार जिले के 110889 छात्र-छात्राएं हाईकूल व इंटर की शामिल हो रहे हैं। इनके लिए बनाए गए सभी केंद्रों पर आंतरिक एवं वाह्य केंद्र बना दिए गए हैं। जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी गई है। बोर्ड परीक्षा के दौरान जनपद मुख्यालय के कंट्रोल रूम के अलावा परिषद मुख्यालय व लखनऊ के कंट्रोल रूम से भी परीक्षा केंद्रों पर नजर रखी जाएगी।

मंगलवार को कांट्रोल रूम के प्रभारी डा. राजेंद्र कुमार के निर्देशन में शिक्षक अनिल कुमार निलय सहित शिक्षक तैयारियों में जुटे रहे। बता दें कि इस बार 7 संवेदनशील केंद्र बनाये गये हैं। इसके अलावा 199 केंद्र व्यवस्थापक, 199 वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, 05 जोनल मजिस्ट्रेट, 25 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 199 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 4500 कक्ष निरीक्षक ड्यूटी करेंगे तथा 57114 हाईस्कूल के परीक्षार्थी व 53775 इंटरमीडिएट के परीक्षार्थी देंगे। उधर जिला विद्यालय निरीक्षक ने बुधवार को बोर्ड परीक्षा को लेकर विभाग द्वारा गठित किए गए सचल दल की बैठक में उन्होंने कहा कि छात्राओं की तलाशी सिर्फ महिला शिक्षिकाएं ही लेगी। परीक्षा के दौरान किसी छात्र को बेवजह परेशान नहीं किया जाएगा। बैठक में राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कुलश्रेष्ठ तिवारी, राजकुमार सिंह, डॉक्टर विंध्याचल सिंह, नसरत अली आदि मौजूद रहे।

आंधी-पानी से गेहूं व सरसों की फसल को भारी नुकसान

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। बीती रात तेज हवा के साथ हुई वर्षा से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें देखने को मिल रही हैं। गेहूं व सरसों के दाने लगने शुरु हो गये थे। बीती रात आई तेज आंधी पानी में ज्यादातर पेड़ पौधे गिर गये हैं। जिन बागों में आम के पेड़ में छोटे छोटे टिकोरे दिखाई पड़ने लगे थे, आंधी ने सब कुछ बर्बाद कर दिया। बेमौसमी वर्षा और तेज हवा से सबसे ज्यादा नुकसान किसानों को हुआ है। गनीमत है कि बुधवार को सुबह धूप निकल आई जो दिन भर रही। इससे किसानों को कुछ आशा बंधी है कि शायद उनकी फसल बच जाए। इस बारे में कृषि विभाग से सम्पर्क किया गया, लेकिन अधिकारी से सम्पर्क नहीं हो पाया। कितनी क्षति हुई है, अभी इसका आंकलन नहीं हो पाया है।

टैबलेट पाकर छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

महाविद्यालय में वितरित किया गया टैबलेट

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। तहसील क्षेत्र के बेनी प्रसाद सिंह सोमवंशी महाविद्यालय में विद्यार्थियों को टेबलेट वितरित किया गया। टैबलेट प्रकार जहां उनके चेहरे पर मुस्कान बिखर आई, वही महाविद्यालय के प्राध्यापको ने लाभार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। भारत सरकार की तरफ से युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने के लिए को टेबलेट वितरित किया जा रहा है।

बुधवार को बेनी प्रसाद सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय भरोखन

छात्राओं को टैबलेट वितरित करते ब्लाक प्रमुख कमलकांत यादव।

में टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद आसपुर देवसर ब्लाक प्रमुख कमल कांत यादव ने छात्राओं को टेबलेट वितरित करते हुए सरकार की इस योजना को सराहना की। महाविद्यालय की छात्राओं अर्चना यादव ,करिश्मा सिंह, खुशबू यादव, श्रेया, पूनम पटेल, कविता पटेल ,मनीष वर्मा, प्रज्ञा मिश्रा, सृष्टि सिंह ,अंजलि पटेल, संध्या, अर्चना, श्रेया सिंह ,सीमा पटेल, रोशनी, पूजा निकिता सहित सैकड़ो छात्राओं को टेबलेट वितरित किया गया महाविद्यालय के प्रबंधक दयाभान सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि विद्यालय के कुल 517 लाभार्थियों को टेबलेट वितरित किया जाना है । जिसमें स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले तथा अंतिम साल में इस बार परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ मिल रहा है। महाविद्यालय के अध्यक्ष लालजी सिंह ने टेबलेट वितरण योजना को युवाओं के भविष्य के लिए क्रांतिकारी कदम बताया कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के स्टाफ राकेश यादव मुकेश यादव उदयराज ,हरिश्चंद्र वर्मा, सुभाष पटेल सहित सभी प्राध्यापक मौजूद रहे।

दस दिन पूर्व गायब हुई लड़की का नहीं लगा सुराग

अखंड भारत संदेश

कुण्डा, प्रतापगढ़। हथिगवां थाना क्षेत्र के एक गांव से संदिग्ध हालत मे एक युवती गायब हो गयी। परिजनों ने मामले की सूचना लिखित रूप से नामजद आरोपी का नाम बताते हुए रिपोर्ट दर्ज करायी लेकिन 10 दिन बीतने के बाद भी अभी तक पुलिस के हाथ खाली है। परेशान परिजन थाने और रिश्तेदारों के घर चक्कर लगाने को मजबूर है।पीड़िता की मां ने फोन पर बताया कि 10 दिन पहले रात में शौच के लिए निकली उनकी लड़की को गांव के कुछ युवाओं ने गायब कर दिया। सुबह जब जानकारी हुयी तो पीड़ित ने इसकी सूचना हथिगवा थाने मे नामजद तहरीर दिया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच तो शुरु कर दिया लेकिन अभी तक किसी भी तरह की सूचना पुलिस ने नही दिया। दस दिनों के बाद भी अभी तक पुलिस कुछ बताने की स्थिति मे नही है। लड़की की मां का आरोप है की उसकी बिटिया को गांव के दबंग लोगों ने ही घटना को अंजाम दिया है लेकिन पुलिस पता नही किन कारणों के चलते कार्यवाई नही की जा रही है।

स्मृति जुबिन ईरानी ने सांसद बालिका खेल स्पर्धा में विजेता खिलाड़ियों को दिया मेडल शील्ड एवं प्रशस्ति-पत्र

केन्द्रीय मंत्री जी ने जिला दिव्यांग सम्मेलन में 82 लाभार्थियों को ट्राई साइकिल एवं 35 लाभार्थियां को कृत्रिम अंग किया वितरित

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। केन्द्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी ने बुधवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम,टेंवा में कौशाम्बी विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित सांसद बालिका खेल स्पर्धा महाकुम्भ में प्रतिभागकर विजेता खिलाड़ियों को मेडल, शील्ड एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

केन्द्रीय मंत्री ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सांसद विनोद सोनकर द्वारा आयोजित सांसद बालिका खेल स्पर्धा महाकुम्भ में प्रतिभाशाली बालिकाओं को सम्मानित करने का सौभाग्य मिला, एक महिला एवं मॉ होने के नाते मैं गौरव की अनुभूति कर रहीं हूँ। कौशाम्बी की बेटियों ने बढ़-चढ़कर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। उन्हांने कहा कि हम सब का सौभाग्य है कि एक गरीब अंचल में जन्में, गरीब मॉ के बेटे ने यह समझा कि अगर महिला के जीवन को उच्चतम जीवन शैली से जोड़ दें, तो कल्याण मात्र महिला का नहीं, बल्कि पूरे परिवार एवं समाज का होता हैं। कौशाम्बी की पूण्य धरा पर भगवान श्रीराम एवं भगवान बुद्ध के भी चरण पडें. हैं। मॉ गंगा का भी आशीर्वाद सदैव मिला हैं। उन्होंने कहा कि मुझे यह कहते हुए अत्यन्त प्रशन्नता की अनुभूति हो रहीं है कि गॉव की बेटियों ने सांसद बालिका खेल स्पर्धा को एक सुनहरा अवसर मानकर प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा को समाज के सम्मुख रखने का कार्य किया है। उन्होंने 10 वर्षीय खिलाड़ी माया का उल्लेख करते हुए कहा कि माया ने मंच पर आकर कहा कि मैडम मुझे मेडल मिला है, माया ने आज 10 वर्ष की उम्र में मेडल प्राप्त किया है, वह आगे चलकर सफलता के उच्चतम शिखर तक पहुँचेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयास से जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत हर-घर नल से जल पहुँचाया जा रहा हैं। महिलाओं को खुले में शौच से मुक्ति दिलाने के लिए शौचालय (इज्जत घर) बनाने का कार्य किया गया। महिलाओं को चूल्हें के धुऑ से मुक्ति दिलाने के लिए निःशुल्क गैस कनेक्शन देने का कार्य किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि जीवन की आपा-धापी में कुछ जीतोगे, कुछ हार जाओगें, दौड़ते रहने व चलते रहने का नाम ही जीवन हैं। मा0 सांसद ने खेल स्पर्धा के माध्यम से बालिकाओं को बढ़ाने का कार्य किया है।इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने स्पोर्ट्स स्टेडियम, टेंवा में आयोजित जिला दिव्यांग सम्मेलन में 82 लाभार्थियों को ट्राई साइकिल एवं 35 लाभार्थियां को कृत्रिम अंग वितरित किया।

सांसद विनोद कुमार सोनकर ने मॉ गंगा-युमना नदी के बीच बसे जनपद कौशाम्बी में आगमन पर केन्द्रीय मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से कौशाम्बी विकास परिषद के तत्वावधान में विगत वर्षों की भॉति इस वर्ष भी सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों से प्रधानमंत्री के द्वारा देश की बेटियों को बचाने, पढ़ाने एवं आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा हैं केन्द्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी के सुझाव पर सांसद बालिका खेल स्पर्धा का भी आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि उ0प्र0 की 403 विधानसभाओं में विधानसभा बाबागंज ही एक ऐसी विधानसभा थी, जिसमें एक भी नगर पंचायत नहीं थी, वहॉ पर 02 नगर पंचायत हीरागंज एवं डेरवा बनाने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि कौशाम्बी का इतिहास बहुत ही गौरवशाली एवं वैभवशाली है, यहॉ पर भगवान बुद्ध ने चौमासा बिताया, भगवान श्रीराम ने रात्रि विश्राम किया तथा 51 शक्तिपीठों में एक मॉ शीतला का धाम है। जनपद कौशाम्बी को बौद्ध सर्किट एवं रामायण सर्किट से जोड़ने का कार्य किया जा रहा हैं। प्रतिवर्ष कौशाम्बी महोत्सव का आयोजन कर जनपद को पर्यटन की दृष्टि से विश्व के मानचित्र पर स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। जनपद में अनेक विकास के कार्य कराये गये यथा-मेडिकल कॉलेज निमार्णाधीन है एवं बस डिपो मंझनपुर का निर्माण कार्य हुआ। कौशाम्बी का चौमुखी विकास हो रहा हैं। सांसद बालिका खेल स्पर्धा में 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-खुशबू, द्वितीय स्थान-रीतू सरोज एवं तृतीय स्थान-मनीता ने प्राप्त किया। इसी प्रकार 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम-खुशबू, द्वितीय-अनुष्का एवं तृतीय प्रियंका सरोज एवं 800 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम-आशू यादव, द्वितीय-कौशिल्या देवी व तृतीय-मीला देवी तथा 1500 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम-संजना, द्वितीय-अन्नू गौतम व तृतीय-आराधना यादव एवं 3000 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम कौशिल्या, द्वितीय अन्नू गौतम व तृतीय स्थान माया ने प्राप्त किया। लम्बी कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-चॉदनी सरोज, द्वितीय स्थान-नन्दनी व तृतीय स्थान-मनीता देवी तथा गोला फेंक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-सुषमा देवी, द्वितीय स्थान-मधू देवी एवं तृतीय स्थान-शैली सिंह ने प्राप्त किया। खो-खो प्रतियोगिता में ब्लॉक मंझनपुर की टीम विजेता रहीं। शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-रीतिका त्रिपाठी, द्वितीय स्थान-रिधि मिश्रा एवं तृतीय स्थान-परी ने प्राप्त किया। बॉक्सिंग में प्रथम स्थान-रिया, द्वितीय स्थान-खुशी कुशवाहा एवं तृतीय स्थान-विमला ने प्राप्त किया। बॉलीबाल प्रतियोगिता में ब्लॉक कौशाम्बी की टीम विजेता रहीं।इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अनीता त्रिपाठी प्रेम चौधरी एवं पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता, लाल बहादुर एवं शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट ने सुनाई 10 साल कारावास की सजा

दोषी पर अदालत ने लगाया 20 हजार रुपए का अर्थदंड

कौशाम्बी। बालिका से दुष्कर्म के मामले के एक आरोपी को अदालत में मुकदमा के सुनवाई के दौरान दोषी पाया और उसे 10 वर्ष की सजा सुनाई है तथा दुष्कर्म के आरोपों पर अर्थ दंड भी लगाया है जिले में सन 2016 में थाना पिपरी पर मुकदमा वादी द्वारा सूचना दी गयी थी कि मेरी पुत्री के साथ अभियुक्त द्वारा दुष्कर्म किया गया है जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 311/16 धारा 376 (2) (1) भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट पजीकृत किया गया था।शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पुलिस ने पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया। बालिका से दुष्कर्म के सम्बन्धित अभियुक्त अमित पुत्र डिप्टी निवासी हजारी का पुरा थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी का मुकदमा न्यायालय एडीजे-07/पॉक्सो एक्ट जनपद कौशाम्बी में सुनवाई हुई बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने तमाम दलीलें देकर अभियुक्त को दोष मुक्त करने की अपील की तो वही सरकारी अधिवक्ता ने दुष्कर्म के अभियुक्त को कठोर से कठोर दंड दिए जाने की सिफारिश की दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद सुनवाई के दौरान अदालत ने अभियुक्त को दुष्कर्म का दोषी पाया और दुष्कर्म के अभियुक्त को 10 वर्ष कठोर कारावास तथा 20,000 रुपए के अर्थ दण्ड से अदालत ने दण्डित किया।

चायल मंडल की लाभार्थी कार्य शाला का आयोजन

कौशांबी। जिला के चायल मंडल के अंतर्गत राम नाथ सिंह पी जी कालेज में भारतीय जनता पार्टी चायल मंडल की लाभार्थी कार्य शाला का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अथिति के रूप में पुस्पेंद्र सिंह चुनाव प्रचार कौशांबी थे मुख्य अतिथि ने सर्व प्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के मान चित्र पर माल्यार्पण कर-के कार्य क्रम की शुरूआत किया मंचाशील सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण करके स्वागत किया गया तत्पश्चात प्रधान मंत्री के द्वारा संचालित की गई सुविधाओ को बताते हुए भाजपा के सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया की आप लोग अपने पड़ोसी गांव एवम क्षेत्र के लोगो से मिलिए और किसान मजदूर गरीब नवयुवक लोगो को सरल ऐप एवम नमो ऐप के माध्यम से सभी लोगो को जोड़िए गांव के लाभार्थियों को बताइए सरकार के द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओ का लाभ उठाते हुए भाजपा सरकार प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी इस समय देश के हित में काम कर रहे है उनका लक्ष्य है देश को विकसित देश बनाना है इस दौरान बी जे पी कौशांबी प्रचारक पुष्पेंद्र सिंह राजेंद्र केशरवाणी सोम दत्त मिश्रा कन्हैया शाहू गुलाब सिंह पटेल जमुना प्रसाद अस्वनी प्रसाद तिवारी सुस्मा शाहू अनिल कुमार पासी एवम अन्य लोग उपस्थित रहे।

छठवें दिन स्कूल चले हम मिशन के अंतर्गत रैली निकालकर छोटे बच्चों को स्कूल में दाखिले का पाठ पढ़ाया

महामाया राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

कौशाम्बी। महामाया राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन की शुरूआत राष्ट्रीय सेवा योजना कौशाम्बी के नोडल अधिकारी डॉ पवन कुमार द्वारा शिविरार्धियो को योगाभ्यास एवं प्रार्थना से प्रारंभ कराया योगाभ्यास के उपरांतछात्र-छात्राएं गांव यूसुफपुरररा मे स्कूल चले हम मिशन के अंतर्गत गांव में रैली निकालकर ग्राम वासियों को सभी छोटे बच्चों को स्कूल में दाखिले का पाठ पढ़ाया एवं नुक्कड़ नाटक राधिका, ज्योति यादव, पूनम ,कोमल ,मीरा ,कविता, श्रेया, ,हिमांशु, अरुण, बृजेश, आदि की टीम द्वारा प्रस्तुत कर साक्षरता जन जागरूकता का प्रयास किया । भोजन के उपरांत बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। बौद्धिक सत्र का विषय साक्षरता था। जिसकी अध्यक्षता डॉ अजय कुमार ने की। इस बौद्धिक सत्र के विशिष्ट वक्ता डॉ संतोष कुमार एवं सारस्वत अतिथि डॉ अमित शुक्ल थे। डॉ संतोष कुमार ने कहा कि 2011 की जनगणना के परिणाम बताते हैं कि देश में साक्षरता में वृद्धि हुई है। देश में साक्षरता दर पुरुषों के लिए 74.04 फीसदी और महिलाओं के लिए 65.46 है तथा साक्षरता के विकास हेतु विस्तार से चर्चा की। सारस्वत अतिथि डॉ अमित शुक्ल ने कहा कि साक्षरता का मतलब शिक्षित होने की क्षमता होती है, जिससे व्यक्ति समाज में अधिक सकारात्मक योगदान कर सके। अपने अध्यक्षीय उद्धबोद्धन में डॉ अजय कुमार ने कहा कि साक्षरता से लोग न सिर्फ खुद को बल्कि अपने परिवार और समाज को भी उन्नति की दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं। शिक्षित व्यक्ति समाज के सभी क्षेत्रों में योगदान कर सकता है और उसके पास समाज को सुधारने की शक्ति होती है। अंत में कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ आनंद कुमार ने कहा कि साक्षरता का अभिप्राय व्यक्ति के सुनने बोलने पढ़ने लिखने से है। अंत में कार्यक्रम अधिकारी ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन किया।

सड़क दुर्घटना में पत्रकार की दर्दनाक मौत, परिजनों में मचा कोहराम



अझुवा कौशांबी। सैनी कोतवाली आदर्श नगर पंचायत अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक युवक की ट्रक से कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई,मौके पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस औपचारिकता में जुट गई है। जानकारी के अनुसार आकाश सिंह चंदेल उम्र लगभग 36 वर्ष पुत्र केवल सिंह निवासी वार्ड नंबर 1 भौंतर नगर पंचायत अझुवा को अज्ञात ट्रक ने कुचल दिया युवक आकाश चंदेल ईलेक्ट्रानिक चैनल एवम पब्लिक एशिया नामक अखबार में कार्य करते थे किसी खबर के सिलसिले में वह अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग होकर निज आवास भौतर जा रहे थे भोला चौराहे के ठीक सामने मोड़ पर कानपुर की ओर से प्रयागराज की तरफ जा रहा अज्ञात ट्रक ने युवक को कुचल दिया जिससे उनकी विभत्स मौत हो गई सूचना पर परिजन बदहावश होकर घटना स्थल पर पहुंच गए युवक अपने घर का दूसरे नंबर का भाई था युवक के 2 वर्षीय पुत्र आर एस सिंह बताया जा रहा है मौके पर परिजनों में कोहराम मचा है वहीं अझुवा चौकी पुलिस दुर्घटना कारित करने वाले वाहन को स्थानीय पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

कौशांबी। पिपरी थाना के मखऊपुर के पास मंगलवार को सड़क हादसे में घायल हुए व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई है मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर आए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक सरांय अकिल निवासी संतोष कुमार पुत्र लवकुश कोरी ग्राम अकबराबाद गुहौली से तेरामील अपनी लड़की से मिलने पैदल ईट भट्ठा जा रहे थे उनकी लड़की असलम के ईट भट्ठे पर कार्य करती है जैसे ही पिपरी थाना के मखऊपुर के खुर्शीद के ट्यूबवेल के नजदीक पहुंचे ही थे कि डंफर ने उन्हें टक्कर मार दिया जिसका दोनों पैर क्षतिग्रस्त हो गया था घायल को लोगों ने अस्पताल भेजवाया जहां डाक्टरों ने जिला अस्पताल कौशांबी रेफर कर दिया रास्ते में ही उनकी मौत हो गई मृतक के पांच बच्चे है तीन लड़की वंदना 24 वर्ष सुमन 20 वर्ष सोमवती 16 वर्ष वा दो लड़के दयाशंकर 26 वर्ष संदीप १२ का रो रो कर हाल बेहाल है।

बाइक सवार जीजा साली को डंपर ने कुचला साली की मौत जीजा लहूलुहान

महेवाघाट कौशाम्बी। पश्चिम शरीरा कोतवाली क्षेत्र के गोराजू पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार डंफर ने बाइक सवार जीजा साली को टक्कर मार दी जिसमे साली की घटनास्थल पर तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई इस हादसे में बाइक सवार युवक घायल है हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और हादसे में घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है। जानकारी के मुताबिक कौशाम्बी थाना क्षेत्र के पाली गांव निवासी मोनू सिंह उम्र 28 वर्ष पुत्र ज्ञान सिंह की ससुराल मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के जुवरा भवानी का पुरवा गाँव ने रतिभान सिंह के यहां है वह अपनी साली सुमन सिंह 17 वर्ष के साथ सोमवार को कर्वी कोतवाली के सोनेपुर गांव में रिश्तेदारी गए हुए थे।मंगलवार शाम को बाइक सवार जीजा साली घर वापस लौट रहे थे पश्चिम शरीरा कोतवाली क्षेत्र के गोराजू पेट्रोल पंप के समीप चांदराई लिंक मार्ग पर पश्चिम शरीरा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार डम्फर ने टक्कर मार दी जिससे बाइक में बैठी बालिका साली सड़क पर गिर पड़ी हादसे में साली की मौके पर तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई हादसे में जीजा मोनू घायल हो गया जिसको नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।मौके से डंफर चालक डंफर छोड़कर फरार हो गया है और भाग रहे खलाशी को पुलिस ने पकड़ लिया है बाद में डंफर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया गया है।

न्यूज झरोखा

मनमानी किराया वसूलते हैं प्राइवेट सवारी वाहन बस विक्रम ई रिक्शा

कौशांबी। जिला में प्राइवेट सवारी वाहन बस विक्रम ई रिक्शा जो भी सवारी गाड़ी रोड पर चलाते है अपनी मनमानी करके जनता से किराया वसूल करते है अगर कोई व्यक्ति अपने घर से निकल कर सफर में जाता है तो वाहन वाले उससे मनमानी किराया लेते है जिसमे बच्चे बूढ़े महिलाए पुरुष सभी लोग सामिल है कभी कभी ऐसा नजारा देखने के लिए सामने आया है की किसी गरीब के पास अगर पैसे किराया देने के लिए कम पड़ जाता है तो वाहन के ड्राइवर वा कंडक्टर गरीब बूढ़े को पैसा देने के लिए मजबूर कर देते है अगर पैसा नही दिया तो उस इंसान को बीच रास्ते में उतरने की धमकी देते हुए पैसा वसूल करते है पूरे जनपद में आज तक ऐसा कोई भी प्राइवेट सवारी वाहन के लिए नियम नहीं बनाया गया और न ही कही किसी ऑफिस स्टैंड वाहन पार्किंग स्थल या प्राइवेट वाहन में लिखा गया की कितनी दूरी का कितना किराया लगेगा इस विषय पर आज तक किसी अधिकारी कर्मचारी राजनीतिक नेता ने कोई भी ध्यान नहीं दिया है अमीर लोग तो अपने निजी वाहन से यात्रा करते है मगर गरीब और मध्यम वर्ग के लोग अधिकांश प्राइवेट सवारी गाड़ी का सहारा लेते है जिसका खामियाजा गरीब लोगो को भुगतना पड़ता है आज एक मामला सामने आया करारी से दो महिलाए तिलहापुर मोड़ के लिए बस में बैठी बस कंडक्टर ने उनसे सौ रुपया किराया मांगा गरीब महिलाओ के पास पैसा कम होने के कारण उनको बस कंडक्टर ने नीचे उतर जाने की धमकी देते हुए बस से नीचे उतार दिया जब की दोनो महिलाए लगभग 60 वर्ष के उम्र की रही होगी जिस समय उनको बस से उतारा गया उस समय झमाझम बारिश हो रही थी प्राइवेट गाड़ी पर लगाम लगाने वाला कोई भी अधिकारी नही है और न ही कोई नियम कानून बनाया गया है

सरकारी नाली रोक देने से महिला के घर के पास भरा गन्दा पानी

महगांव कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के हररायपुर चौकी अंतर्गत बसेड़ी गांव के कुछ दबंगो ने जबरन सरकारी नाली रोक दिया जिससे एक महिला के घर के सामने गन्दा पानी भरा जाता है जब उसने इसका विरोध किया तो दबंगों ने गाली गलौज देते हुए धमकी दिया की ज्यादा बोली तो तुझे जान से मार डालेंगे। जिसकी लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र महिला ने संदीपन घाट थाना में दी है मामले में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक ललिता देवी पत्नी राजेश कुमार निवासी ग्राम बसेड़ी ने बताया कि उसके ही गांव के प्रियांशु उर्फ टिंकू पुत्र सुरेश व अंजाना देवी पत्नी नरेश ने जबरन दबंगई से सरकारी नाली रोककर बन्द कर दिया जिससे ललिता देवी के घर के आगे पानी भरा रहता है इसका विरोध करने पर उक्त लोग गाली गलौज देते हैं और जान मरने की धमकी दे रहे हैं कहते है जहां जाना है जाओ हमारा कुछ नहीं कर पाएगी। मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कर महिला को आश्वासन दिया है की पुलिस न्याय करेगी।

कृषि यन्त्रों को अनुदान पर प्राप्त करने के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

कौशाम्बी जनपद के कृषकों को फसल अवशेष जलाने से होने वाली समस्याओं के निराकरण व इसके दुष्परिणामों यथा मिट्टी, जलवायु व मानव स्वास्थ्य को होने वाली हानियों से बचाने के लिए प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्राप रिजिड्यू योजनान्तर्गत जनपद में फसल अवशेष/कृषि अपशिष्ट को जलाने की घटनाओं की रोकथाम के लिए एवं पराली या पुवाल खेतों में जलाने से कृषि भूमि पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव से बचाने के लिए फसल अवशेष प्रबन्धन में सहायक कृषि यन्त्रों यथा-स्ट्रारीपर, रीपर कम्बाइन्डर, रिवर्सबुल एम0बी0प्लाऊ व हार्वेस्टर के लिए सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम (एस0एम0एस0), रीपर सेल्फ प्रोपल्ड, हैपी सीडर, पैडी स्ट्रा चॉपर, श्रेडर, मल्चर, कटर कम स्प्रेडर, स्ट्रा रेक एवं बेलर इत्यादित यन्त्रों पर 50 प्रतिशत का अनुदान प्रदान करने हेतु दिनॉक-14.फरवरी 2024 से 28 फरवरी 2024 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन बेवसाइट पर जाकर कृषि यन्त्रों पर अनुदान के लिए टोकन बुक कर सकते हैं। यह जानकारी उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने देते हुए बताया कि टोकन बुक करते समय रू0 2500 अथवा रू0 5000 जो पोर्टल पर प्रदर्शित हो का टोकन मनी जमानत राशि के रूप में ऑनलाइन ही कृषक के खाते से भुगतान किया जाना अनिवार्य हैं। इसके अतिरिक्त टोकन कन्फर्म होने का मैसेज किसान के मोबाइल पर सूचना प्रेषित होने पर कृषि यन्त्र क्रय करें उल्लेखनीय है कि जिन यन्त्रों पर लेजर कटिंग में सीरियल नम्बर उत्कीर्ण हो तथा सीरियल नम्बर के अन्त में यू0पी0 अंकित हो, उसी यन्त्र को क्रय करें तथा यूपी यन्त्र ट्रैकिंग पोर्टल पर प्रदर्शित डीलर से ही यन्त्र क्रय करें व कीमत का आधी धनराशि किसान के स्वयं के बैंक खाते से डीलर के बैंक खाते में भुगतान करने के उपरान्त ही यन्त्र क्रय करें अन्य जानकारी के लिए कृषि भवन कौशाम्बी मंझनपुर कार्यालय उप कृषि निदेशक से सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

लकड़ी माफिया लगा रहे हैं पर्यावरण को पलीता

प्रतिदिन सुबह दर्जनों मजदूरों को लेकर इलेक्ट्रॉनिक पेट्रोल आरा मशीन के साथ लकड़ी माफिया पेड़ काटने गांव क्षेत्र में निकल जाते हैं

सरकार अपने नुमाइंदों को ही पर्यावरण सुरक्षा का पाठ पढ़ाए तो अधिक प्रभाव देखने को मिल सकता है।

कौशांबी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के कई गांवों में विशालकाय हरे व फलदार पेड़ो की कटान लकड़ी माफियाओं द्वारा धड़ल्ले से हो रहा है। प्रतिदिन सुबह से ही दर्जनों मजदूरों को लेकर इलेक्ट्रॉनिक पेट्रोल आरा मशीन के साथ लकड़ी माफिया पेड़ काटने के लिए गांव क्षेत्र में निकल जाते हैं और पूरे दिन पेड़ की कटाई होती है सब कुछ देखते हुए थाना चौकी पुलिस से लेकर वन विभाग तक मूक दर्शक बनी हुई है लकड़ी माफियाओं को हरे फलदार पेड़ कटने का परमिट कौन देता है आखिर क्यों ये बेधड़क होकर धड़ल्ले से हरे पेड़ो को काटे जा रहे है कहा फॉरेस्ट विभाग सो रहा है और पर्यावरण संरक्षण विभाग इसी तरह रहा तो एक दिन पूरी धरती वृक्ष विहीन हो जायेगी न बरसात होगी न ऑक्सीजन मिलेगी बिना पानी बिना ऑक्सीजन के जीवन मुमकिन नहीं है। लगातार पेड़ो की कटाई हो रही है प्रशासन और विभाग मौन है शासन को वन संरक्षण कानून को कड़ाई से लागू करना चाहिए और लकड़ी माफियाओं के साथ साथ जिन अधिकारियों के दाम पर ये हरे पेड़ काटे जा रहा है उन पर भी कड़ाई से कार्यवाही होनी चाहिए तभी पेड़ो की कटाई पर रोक लगेगी। बीते दो दिनों से संदीपन घाट थाना क्षेत्र के कई गांवों में महुआ और अन्य कई तरह से दर्जनों हरे पेड़ो को काट काट कर लकड़ी माफिया उठा ले गए हैं अपने मुनाफे के लिए इलाके के आधा दर्जन लकड़ी माफिया हरियाली और पर्यावरण को पलीता लगा रहे हैं। पैगम्बर पुर गांव में महुआ का बहुत बड़ा हरा पेड़ और महगांव में पांच बहुत बड़े नीम के हरे पेड़ और बुधवार को तीन बहुत बड़े छायादर चिरुड़ के हरे पेड़ो को काटा गया है शासन प्रशासन आंख बन्द किए हुए हैं। सरकार रोज रोज पर्यावरण संरक्षण का लोगो को पाठ पढ़ाती हैं इससे अच्छा सरकार अपने नुमाइंदों को ही पर्यावरण सुरक्षा का पाठ पढ़ाए तो अधिक प्रभाव देखने को मिल सकता है।

फर्जी आधार कार्ड व फर्जी खतौनी लगाकर दूसरे का हिस्सा दिखाकर धान खरीद की शिकायत

कौशाम्बी। धान खरीद योजना में धांधली की शिकायत को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है कांग्रेस नेताओं ने जिला अधिकारी को बताया की किस तरह से धान खरीद में गड़बड़ी कर अधिकारियों की मिली भगत के द्वारा धान खरीद में गड़बड़ी की जा रही है कौशांबी के जिला अधिकारी को कांग्रेस के उपाध्यक्ष आशीष मिश्र "पप्पू" ने एक शिकायती पत्र देकर के धान खरीद के मामले की गड़बड़ी की शिकायत की और बताया की किस तरह से खतौनी में अन्य खातेदारों को नजरअंदाज कर केवल एक खातेदार के हिस्से में पूरा हिस्सा दिखा करके धान खरीद हो रही है दूसरे के आधार कार्ड पर दूसरे गांव के लोगों को फर्जी ढंग से सत्यापित कराकर उसके नाम से धान खरीदा जा रहा है जिसमें दूर-दूर तक किसी प्रकार की कोई सच्चाई नहीं है और फर्जी आधार कार्ड व फर्जी खतौनी लगाकर गलत तरीके से हिस्सा दिखाकर धान खरीद की जा रही है और संबंधित अधिकारी के द्वारा आंख बंद करके उसे सत्यापित भी किया जा रहा है तथा फर्जी लोगों के खातों में पैसा डालकर सरकारी पैसे का बंदरबांट हो रहा है शिकायती पत्र में कई लोगों की खरीद फरोख्त का प्रमाण भी दिया गया है कांग्रेस नेताओं ने जिला अधिकारी को बताया कि इससे पहले भी कई शिकायतें की जा चुकी हैं लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल खेल हो रहा है।

लेडी डॉन के आतंक से पीड़ित महिलाएं पहुंची थाने

महगांव कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के गौसपुर में दबंग महिला का कहर देखने को मिला जिसने अपने की पड़ोस की रहने वाली एक गरीब महिला जिसके पति की आंख खराब है और वह खुद काम काज करके अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करती हैं। जिसके पड़ोस की रहने वाली एक दबंग महिला और उसके घर वालो ने जीना दुश्वार कर दिया है। तंग आकर माया देवी पत्नी शिवलोचन निवसनीय ग्राम गौसपुर ने उस दबंग महिला और उसकी बेटी के विरूद्ध कार्यवाही की मांग करते हुए संदीपन घाट थाना प्रभारी को लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके पड़ोस की रहने वाली सुमित्रा देवी पत्नी रामबाबू व उसकी पुत्री तेरस गाली गलौज दे रही थी गाली का विरोध करने पर दोनो मिलकर लात घुसा से माया को बुरी तरह से मारा पीटा और धमकी दी की तुझे जान से मार देंगे। घटना के बारे में बताते हुए कहा कि मेरा समूह है जिसका पैसा जमा करने में एक दिन देरी हो गई जिसका उन लोगों से कोई लेना देना नहीं था फिर उस बात के लिए सुमित्रा और उसकी बेटी मुझे गाली गलौज देकर मेरे साथ मारपीट की इस घटना के पहले भी उक्त लोगो ने मेरे साथ मारपीट की है जिससे उनका मनोबल बढ़ा हुआ है। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर महिला को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के सोशल ऑडिट किये हुए कार्यों की गोष्ठी का आयोजन 24 फरवरी को

कौशाम्बी अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/परियोजना अधिकारी डूंडा द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अन्तर्गत लाभार्थियों के सामाजिक मूल्यांकन के लिए क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 के सोशल ऑडिट किये हुए कार्यों की गोष्ठी का आयोजन दिनांक 24 फरवरी 2024 को नगर पंचायत चायल में किया जायेंगा। गोष्ठी में नगर पंचायत चायल के अधिशासी अधिकारी व स्थानीय लाभार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेंगा।

संपादक की कलम से

मोदी के तीसरे कार्यकाल की सुखद आहट

वर्ष 2024 के आम चुनाव सन्निकट हैं। भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक एवं धमाकेदार जीत के प्रति आश्वस्त है। एक बार फिर प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी एक नयी पारी की शुरूआत करेंगे। प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी का यह तीसरा कार्यकाल अगले एक हजार वर्षों के लिए एक मजबूत नींव रखने का कार्यकाल होगा। इस अवधि में भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने के साथ विश्वगुरु भी बन सकेगा। प्रधानमंत्री मोदी के दो कार्यकाल की समीक्षा करें तो स्पष्ट हो जाता है कि उनकी सरकार द्वारा उठाये गये हर कदम एवं उनकी हर बात राष्ट्र निर्माण की दिशा में बढ़ाये गये अनूठे, परिवर्तनकारी एवं सकारात्मक कदम रहे हैं। 2014 से पहले के भारत में भ्रष्टाचार, घोटालों और तुष्टिकरण की ही बात सामने आती थी लेकिन अब विकास, अविष्कार और नवाचार की बातें हो रही हैं, जिनमें नये भारत, सशक्त भारत की जड़े गहरी हुई है। मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्ष भारतीय इतिहास में सबसे सुदृढ़ एवं युगांतरकारी रहे हैं। हम सब इतिहास के उस स्वर्णिम काल के गवाह बनने के साक्षी बने हैं। यह सब मोदी के करिश्माई एवं चमत्कारी व्यक्तित्व से ही संभव हो पाया है। करिश्मा किसी व्यक्ति विशेष का एक निश्चित गुण होता है जो अपवाद होता है और जिसके आधार पर वह स्वीकार्यता हासिल कर शासन करता है। लिंकन, चर्चिल, रूसवेल्ट और जॉन एफ केनेडी महान राजनेता थे, जो अपने करिश्माई व्यक्तित्व और प्रभामंडल के लिए जाने जाते थे और इसका उपयोग उन्होंने अपने देश को मजबूत करने के लिए किया। मोदी इसी श्रेणी के इन सबसे आगे निकलते हुए विलक्षण क्षमताओं एवं मौलिक विशेषताओं वाले विरल नेता है।

2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा एवं सभी विपक्षी दल अपनी-अपनी चालें चल रहे है। भाजपा एवं इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में अब हर दिन चुनावी रणनीति को लेकर नये गठबंधन हो रहे हैं तो बने हुए गठबंधन टूट रहे हैं, अनेक नेता दलों के पाले बदल रहे हैं, एक दूसरे को मात देने का दौर चल रहा है, सब अपनी-अपनी व्यूह रचना बना रहे हैं। भाजपा ने स्वयं की 370 एवं उसके गठबंधन की 400 सीटों का लक्ष्य बनाया है। इंडिया गठबंधन एवं विभिन्न राजनीतिक दल भी जीत की संभावनाओं को लेकर जुटें हैं। राजनीति पल-पल नया आकार लेती है, इसलिये राजनीति में सही वक्त पर सही ढंग से इस्तेमाल करने का हुनर होना अपेक्षित होता है, जो अच्छा चल रहा है उसे बिगाड़ना आना चाहिए और जो बिगड़ रहा है उसे सुधारना आना चाहिए। इसी को कहते है राजनीति। इसी राजनीति के महारथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा की रणनीति तीक्ष्ण एवं प्रभावी बनकर सामने आ रही है ताकि धमाकेदार चुनाव परिणाम तक पहुंचा जा सके। मोदी के करिश्माई राजनीति का ही परिणाम है कि नीतीश कुमार और जयंत चौधरी जैसे नेताओं को इंडिया गठबंधन से छीन लिया गया है। कांग्रेस के अशोक चव्हान को भाजपा में शामिल करके राज्यसभा में भेजा दिया है। कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की स्वर सुनाई दे रहे हैं। मायावती और चंद्रबाबू नायडू को विपक्ष में जाने से रोक दिया गया है। शिवसेना और राकांपा की दो फाड कर दी गयी है। श्रीराम मन्दिर उद्घाटन से हिन्दू वोटों को प्रभावित किया गया है, वही ह्यभारत रत्नह्न की घोषणा से आम चुनावों को प्रभावित करने का राजनीतिक कौशल सामने आया है।

मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व का ही परिणाम है कि आगामी चुनावों में भाजपा की शानदार जीत के बनते दृश्यों को देखकर समूचा विपक्ष बौखलाया हुआ या किंकर्तव्यविमूढ़ दिखाई दे रहा है। यह स्थिति बनने का मूल कारण जहां मोदी का ऐतिहासिक एवं सफल दो कार्यकाल हैं, वही आगामी चुनाव को लेकर उनकी रणनीति एवं राजनीतिक कौशल है। मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व की विशेषताओं में प्रमुख हैं कि वे दूरदृष्टि रखते हैं, लक्ष्य तय करते हैं और उस लक्ष्य को पूरा करने में लगे रहते हैं। वे अपने एजेंडे को लेकर निर्णायक और स्पष्ट हैं। लक्ष्य को हासिल करने के लिए वह अपने भीतर देखते हैं एवं जनता से सीधा संबंध स्थापित करते हैं। उन्होंने सिर्फ भौतिक-आर्थिक विकास के संदर्भ में ही विकास की बात नहीं की बल्कि विकास का लाभ समाज के निचले तबके और अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिये योजनाएं एवं नीतियां बनाई ताकि उनके जीवन में आमूलचूल परिवर्तन आए और अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर बने। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्र के सांस्कृतिक पुनरुद्धार को बल दिया, जो सकारात्मक सभ्यता के साझा मूल्यों और इन मूल्यों में गर्व की भावना पर आधारित हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने राजनीतिक स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में देश के लिए एक उचित स्थान बनाया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास एक सुस्पष्ट दृष्टि है कि आजादी के 75वें या 100वें साल में राष्ट्र किस मुकाम पर होगा। उन्होंने भारत के लिए एक विजन और दीर्घकालिक लक्ष्य तय किया है। इसे हासिल करने के लिए उन्होंने व्यापक लक्ष्य को विभिन्न माध्यमों से दीर्घकालिक और अल्पकालिक लक्ष्यों में विभाजित किया है और इसमें सरकार के हर वर्ग, पहलू और क्षेत्र को समावेश किया है। लक्ष्य चाहे दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था का हो या फिर व्यवसाय की सुगमता का या फिर वैश्विक निर्यात का प्रतिशत या वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में हिस्सा बढ़ाने का हो, इनके बारे में एक स्पष्ट रुख अख्तियार किया गया है और इन लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में प्रयास भी चल रहे हैं। आर्थिक और वित्तीय मानदंडों पर भारतीय अर्थव्यवस्था आज सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। इसकी विकास की दर आठ प्रतिशत के इर्दगिर्द घूम रही है। प्रधानमंत्री अपने प्रत्येक संबोधन में देश की हर छोटी बड़ी सफलता का श्रेय 140 करोड़ भारतीयों को देते हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज देश और समाज के जीवन का कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां विकास की गति को बल न मिल रहा हो। कोरोना काल खंड हो या कश्मीर में 370 को हटाना या फिर यूक्रेन संकट या फिर अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी पर हर जगह भारत की विदेश नीति की कुशल छाप दुनिया में देखी जा रही है।

लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा में भारत पाक

यह गजब संयोग है कि भारत और पाकिस्तान दोनों इस वक्त लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा से एक साथ गुजर रहे हैं। भारत में लोकतंत्र की सुदीर्घ परंपरा रही है और पाकिस्तान लोकतंत्र के लिए संघर्ष करता आया है, यह दोनों देशों के बीच का बुनियादी फर्क है। लेकिन दोनों देशों में एक बड़ी समानता ये है कि सत्ता पर काबिज होने के लिए पाकिस्तान में भी षड्यंत्र रचे जा रहे हैं और भारत में भी ऐसा ही हो रहा है। चंडीगढ़ का मेयर चुनाव इसका ताजा उदाहरण है। पहले इस चुनाव को केवल इस वजह से टाला गया कि पीठासीन अधिकारी बीमार थे। इसके बाद 30 जनवरी को जब चुनाव हुए तो आप और कांग्रेस का गठबंधन हार गया, जबकि भाजपा को आसान जीत मिल गई। इस चुनाव में आठ मतपत्रों को खारिज किया गया था और आप ने आरोप लगाए थे कि रिटर्निंग अधिकारी अनिल मसीह ने ही मतपत्रों पर निशान बनाए थे। उनका एक वीडियो फुटेज भी सामने आया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को लोकतंत्र की हत्या करार दिया था और सोमवार को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट में अनिल मसीह ने स्वीकार भी किया कि उन्होंने आठ मतपत्रों पर निशान लगाए थे। इसके बाद मंगलवार को अदालत ने मतपत्रों की फिर से गिनती के आदेश दिए हैं, इसमें खारिज किए सभी आठ मतपत्र भी शामिल थे, जिससे आप के कुलदीप कुमार मेयर घोषित हो गए। चंडीगढ़ मेयर चुनाव देश में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों से बहुत छोटा है। यहां पर विपक्ष ने हिम्मत नहीं हारी और इंसाफ के लिए लड़ाई जारी रखी, तो सच सामने आ गया। लेकिन इससे निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावों पर प्रश्नचिह्न तो लग ही गए हैं। और सबसे बड़ा सवालिया निशान तो इस बात पर है कि क्या सत्ता के दबाव में स्वतंत्र संस्थाओं और अधिकारियों को बेईमानी करने दी जा रही है। हाल ही में पाकिस्तान में हुए चुनाव में भी ऐसी ही बेईमानी हुई, लेकिन वहां एक अधिकारी ने सामने आकर अपनी बेईमानी न केवल कबूल की है, बल्कि खुद के लिए सजा की मांग भी कर दी। पाकिस्तान में आम चुनाव हुए 10 से अधिक दिन हो गए हैं, लेकिन किसी भी दल को पूर्ण बहुमत न मिलने के कारण अब तक सरकार का गठन नहीं हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के लोगों ने इस बार निर्दलीय चुनाव लड़ा, लेकिन नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन और बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी से ज्यादा वोट हासिल किए। फिर भी पीटीआई सरकार नहीं बना सकी, न ही अब तक नवाज शरीफ और बिलावल भुट्टो कोई समझौता कर पाए हैं। इस बीच चुनाव में धांधली के आरोप भी लगे थे और कहा गया था कि जीते हुए कई निर्दलीय प्रत्याशियों को हारा हुआ घोषित किया गया है। इससे पहले कि इस मामले की कोई जांच होती और चुनाव आयोग को क्लीन चिट मिलती, रावलपिंडी के कमिश्नर लियाकत अली चट्टा ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि हमने 13 ऐसे निर्दलीय कैंडिडेट्स जो 70 से 80 हजार वोटों से आगे चल रहे थे, उन्हें धांधली कर हरवा दिया। रावलपिंडी के क्रिकेट स्टेडियम में मीडिया से बात करते हुए लियाकत अली चट्टा ने कहा कि वो इस वजह से सो नहीं पा रहे हैं कि उन्होंने 'देश की पीठ में छुरा घोंपा हैज। मैंने जो अन्याय किया है उसके लिए मुझे दंडित किया जाना चाहिए और इस अन्याय में शामिल अन्य लोगों को भी सजा होनी चाहिए।

भारत को दुनिया देख रही है मोदी जी !

@ राकेश अचल
achalrakesh1858@gmail.com

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के बिना कम से कम मेरा काम तो नहीं चलता। विश्व उन्हें गुरु जब मानेगा, तब मानेगा लेकिन मैंने उन्हें महागुरु मान लिया है। क्योंकि वे जिस ढंग से ज्वलंत से ज्वलंत मुद्दों की अनदेखी कर देते हैं वैसा दुनिया का कोई नेता नहीं कर पाता। न जिन पी शिंग और न जो बाइडेन। पुतिन-सुतिन तो लगते ही कहाँ हैं ? माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को कोई फर्क नहीं पड़ता कि दुनिया उनके देश में किसानों के स्वागत में राजधानी के बाहर बिछे कील-कांटें देख रही है। उन्हें फर्क नहीं पड़ता की दुनिया जलता-सुलगता मणिपुर भी देख रही है।

मुद्दों की अनदेखी कर सीना चौडाते हुए अपनी यात्रा को जारी रखना दुनिया को यदि सीखना है तो वो मोदी जी से सीखे। मोदी जी को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता की एक केंद्र शासित क्षेत्र चंडीगढ़ के महपौर चुनाव में उनकी सरकार और पार्टी की धांधली पर सुप्रीम कोर्ट ने क्या फैसला दिया ? उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता की वे पांच साल पहले जिस जम्मू-कश्मीर को तोड़कर वहां यथाशीघ्र लोकतंत्र बहाली का वादा करके आये थे वो आजतक पूरा नहीं हुआ। वे बीएस अपनी राह पर बढ़ते जा रहे हैं।

हमारे प्रधानमंत्री के कर ही नहीं चरण भी कमल है। वे जिस जगह पड़ते हैं वो भूखंड पुण्य भूमि में तब्दील हो जाता है। वे जिस समय कश्मीर के स्वर्ग [जो अब सिर्फ जुमलों में है] में इलेक्ट्रिक ट्रेन दौड़ा रहे थे। कह रहे थे कि जम्मू-कश्मीर के सपनों को मोदी ही पूरा करेगा। काश कि मोदी जी ऐसा करते। जम्मू-कश्मीर का पहला सपना तो अपना पूर्ण राज्य का छीना हुआ दर्जा वापस करने का है जो अभी तक पूरा नहीं किया गया। इस राज्य के पास अपनी विधानसभा नहीं है। इसके तीन टुकड़े किये जा चुके हैं। और टुकड़ा-टुकड़ा गैंग कहा किसी और को जाता है, लेकिन समरथ को नहीं दोष गुसाईं। जब आप ये आलेख पढ़ रहे होंगे तब 22 फरवरी 2024 को देश के किसान दिल्ली कूच की कोशिश करते हुए पुलिस और अर्द्ध सैनिक बलों की लाठियां और गोलियां खा रहे होंगे। उनके ऊपर आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे होंगे ताकि किसान रोने लगें। उनके आंसू बहने लगें। हमारी यानि हमारे मोदी जी की सरकार किसानों को खुश करने के बजाय रुलाने के लिए कृतसंकल्प है। आज से नहीं बल्कि जब से बनी है तब से। सरकार ने तीन साल पहले 700 किसानों की बलि ले ली किन्तु जो कहा उसे पूरा नहीं किया। किया तो विवादित कानूनों को वापस लेने का नाटक। और आज जब किसान दूसरी बार सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ फिर दिल्ली की और बढ़ रहे हैं तो उनके साथ निर्मम व्यवहार किया जा रहा है।

आप मानें या न मानें लेकिन मै अपने मोदी जी की सरकार के युद्ध कौशल और तोड़फोड़ की क्षमता का पिछले दस साल से कायल हूं। उन्होंने पहले जम्मो-कश्मीर तोड़ा, फिर विपक्षी गठबंधन को तोड़ा। अपनी अनन्य सहयोगी शिवसेना को तोड़ा। एनसीपी को तोड़ा। किसानों से और आम जनता से किये वादे तो न जाने कितनी बार तोड़े। लेकिन सरकार को एक बार भी लज्जा नहीं आई। आ भी नहीं सकती थी क्योंकि हमारी सरकार और हमारे मोदी जी लोक-लाज तो संतन संग बैठकर बहुत पहले ही खो चुके हैं। अभी हाल ही में उन्होंने कांग्रेस से बाहर किये गए संत प्रमोद कृष्णम के साथ सत्संग किया। इससे पहले यूएई में स्वामी नारायण सम्प्रदाय के संतों के साथ थे वे और 22 जनवरी 2024 को तो अयोध्या में वे देशभर से जुटाए गए संतों के साथ सत्संग कर चुके हैं।

संतों के साथ बैठने या सत्सांग करने से लोकलाज खो ही जाती है। मोदी जी तो छोड़िये मीरा बाई तक से ये गलती हुई। वे भी संतन संग बैठ-बैठ लोकलाज खो चुकी थीं, लेकिन उन्हें इसका फायदा ये हुआ कि उनके मन में प्रेम की बेल फैली। यहां उलटा हो रहा है। प्रेम की बेल सूख रही है, कुम्हला रही है। मजबूरन कांग्रेस के राहुल गांधी को प्रेम की दूकान खोलनी पड़ी है। ये बात और है कि उनकी इस दूकान पर अभी तक अपेक्षित संख्या में ग्राहक नहीं पहुँच पा रहे है। मोदी जी कर्मयोगी है। उन्हें न घर-बार से प्रेम है और न सत्ता से। वे तो बस चौकीदारी करने में ही मगन हैं। ऐसा मस्त-मौला प्रधानमंत्री किसी भी देश को सौभाग्य से मिलता है। मै तो ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ की मोदी जी जैसा कर्मयोगी प्रधानमंत्री दुश्मनों को भी दे।

देश के किसानों के स्वागत में मोदी जी की सरकार कांटें बिछाए या कीलें। उनके ऊपर लाठियां चलवाये या गोलियां, इससे पूरी दुनिया को क्या ? ये हमारा अंदरूनी मामला है। हम अपने अंदरूनी मामलों में किसी को भी दखल देने की इजाजत नहीं दे सकते। क्या हमें कोई ऐसी इजाजत देता है भला ? मोदी जी जो कर रहे हैं उसे हरि- इच्छा मानकर स्वीकार करना ही राष्ट्रप्रेम है। जो लोग देश से प्रेम करते हैं उन्हें मोदी जी से भी प्रेम करना चाहिए। मोदी जी कल्कि अवतार है। और अवतार तब-तब ही अवतरित होते हैं जब-जब होय धर्म की हानि। यानि यदा-यदा ही धर्मस्य ,,,। इसलिए सब कुछ भूल जाएँ। न संदेशखाली की बात कीजिये और न इंडिया गठबंधन के टूटने की। बात करना यदि बहुत्त जरूरी ही है तो बात कीजिये की हमारे मोदी जी अबकी लोकसभा चुनाव में कैसे 400 का लक्ष्य पार करें ? मोदी जी की जीत, देश की जीत है और मोदी जी की हार देश की हार। अदालतों की बात तो एकदम से न की जाये। अदालतें तो आम के वृक्षों की तरह बौराई सी लगती हैं। उन्हें बौराना नहीं चाहिए।

स्मृति शेष : एक मीठी और सचेत आवाज मौन

@ राकेश अचल
achalrakesh1858@gmail.com

अमीन सयानी हमारे जमाने के ऐसे अकेले रेडियो उद्घोषक थे जिन्हे देश उनकी शक्ल से नहीं बल्कि आवाज से पहचानता था। अमीन सयानी ने अपने जीवन के 91 साल की यात्रा में से लगभग 60 साल तक देश की जनता को अपनी आवाज के जादू से बांधे रखा। आज की पीढ़ी को शायद इस बात पर भरोसा नहीं होगा कि कोई व्यक्ति केवल अपनी आवाज की दम पर लोगों के दिलो-दिमाग पर छाया रह सकता है।

अमीन सयानी से मै कभी मिला नहीं किन्तु मुझे और मेरे जैसे असंख्य लोगों को ये लगता है कि अमीन सयानी उनके परिवार के सदस्य हैं। वो जमाना था जब देश में कोई टीवी चैनल नहीं था। रेडियो भी आजादी के पांच साल बाद आया था। अमीन सयानी ने रेडियो पर अपने सर्वाधिक लोकप्रीत फिल्मी गीतों के उनके कार्यक्रमों के जरिये देश को एक सूत्र में बांधा। सुबह से देर रात तक अमीन सयानी की आवाज हर घर में ठीक उसी तरह गूंजती थी जैसे आज गोदी मीडिया पर मोदी-मोदी की आवाज गूंजती है। यानि अमीन सयानी की आवाज से ही आम आदमी की सुबह होती थी और वे ही अपनी आवाज से लोगों को सुलाते थे।

हरदिल अजीज अमीन सयानी समाचार वाचक नहीं थे किन्तु किसी भी लोकप्रिय समाचार वाचक से ज्यादा लोकप्रिय थे। उस जमाने में समाचार वाचक के रूप में देवकी नंदन पांडे और रेडियो कार्यक्रम उद्घोषक के रूप में अमीन सयानी जाने जाते थे। वे देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की तरह अपनी आवाज के बूते पर जाने जाते थे।

आज हजारों टीवी चैनल हैं, रेडियो हैं लेकिन आप शायद ही किसी एक उद्घोषक को उसकी आवाज से पहचानते हों। आज उद्घोषकों की भीड़ है, उस जमाने में अमीन सयानी जैसे गिने-चुने उद्घोषक थे। रेडियो पर 'भाइयों और बहनों' के संबोधन के जरिए पहचाने जाने वाले सयानी साहब ने करीब 54 हजार रेडियो कार्यक्रम किए और 19 हजार स्पाट्स या जिंगल्स किए। इनका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकाड्र्स में भी शामिल है।

बहुत कम लोगों को ये सौभाग हासिल होता है कि वे जिस मिटटी में पैदा हों, उसी में उन्हें अंतिम साँस लेने का मौका भी मिले। अमीन सयानी ऐसे ही खुशनसीब लोगों में से एक थे।



अमीन सयानी का जन्म 21 दिसंबर 1932 को मुंबई में हुआ था। देश में पहली रेडियो सेवा शुरू हुई तो अमीन सयानी एक उद्घोषक के रूप में उसमें भर्ती हो गए। सयानी साहब ने सन 1951 में रेडियो उद्घोषक के तौर पर अपने करियर की शुरूआत ऑल इंडिया रेडियो मुंबई से की थी। अपनी आवाज के जादू से वे शमां बांध देते थे। शुरूआत में उन्होंने अंग्रेजी कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। ऑल इंडिया रेडियो को लोकप्रिय बनाने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। अमीन सयानी ने कई फिल्मों में रोडियो अनाउंसर के तौर पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

मुझे याद है की वे तीन देवियां, भूत बंगला, बॉक्सर में एक उद्घोषक के रूप में ही नजर आये थे। मुझे अच्छी तरह से याद है कि उन दिनों जब हम स्कूल में थे तब भी अमीन सयानी के शो 'इनका गीतमाला' को सुनने के लिए रेडिओ से चिपके रहते थे। जिनके घरों पर रेडियो नहीं था वे बाजार में किसी पान वाले या किसी चाय वाले के यहां बजने वाले रेडियो के आसपास जमा हो जाते थे। कस्बों में तो इनका गीतमाला के फिल्मी गीत सुने के लिए जाम की स्थिति बन जाती थी। उस जमाने में केवल इनका गीतमाला सुनने के लिए रेडियो खरीदने का चलन था और इसका श्रेय था अमीन सयानी साहब की आवाज को। अच्छी और सुरीली आवाज के लोग प्राय गायक बनना चाहते है।

कहते हैं कि अमीन सयानी भी एक गायक बनना चाहते थे लेकिन गायक बनना उनके नसीब में नहीं था। उन्हें तो एक कामयाब रेडियो उद्घोषक बनने के लिए पैदा किया गया था। वे मानते थे कि अच्छी हिंदी बोलने के लिए थोड़ा-सा उर्दू का ज्ञान होना आवश्यक है। उनका परिवार बहुभाषी था इसका लाभ उन्हें मिला। उनके यहां हिंदी, अंग्रेजी के अलावा उनकी अपनी मातृ भाषा उर्दू बोली, लिखी और पढ़ी जाती थी। अमीन सयानी को उनके भाई हामिद सयानी ने उन्हें रेडियो से जोड़ा था। 10 साल तक वे इंग्लिश कार्यक्रम का हिस्सा रहे। आजादी के बाद उन्होंने हिंदी की ओर रुख किय।

शो की बढ़ती लोकप्रियता और श्रोताओं की भारी मांग पर इसे 'काउंट डाउन' शो बना दिया था। रेडियो पर अपना पसंदीदा गाने सुनने के लिए लोग वोट करते। इसके बाद वोटिंग के आधार पर गाने चलाये जाते थे। हालांकि, कई लोग अपना पसंदीदा गाना सुनने के लिए फर्जी वोटिंग भी करते थे। अमीन सयानी का शो ह्यबिनाका गीतमालाह्न लगभग 42 साल तक चला। इसके बाद इस शो में लोगों की दिलचस्पी कम होने लगी और इसे बंद कर दिया गया।

एक साक्षात्कार में खुद अमीन सयानी ने बताया था की उनकी भाषा कई मरहलों, कई तूफानों और पथरीली राहों से होकर यहा तक पहुँची थी। वे एक ऐसे घर में पैदा हुआ थे जहाँ कई भाषाओं का मिश्रण था। उनके पिताजी ने बचपन में कभी पारसी सीखी थी और मां गुजराती, अंग्रेजी और हिंदी बोलती थी। खुद अमीन सयानी अपने बचपन में गुजराती बोलते थे। उनकी मां गांधीजी की शिष्या थी। गांधी जी ने उनकी माँ को हिंदी, गुजराती और उर्दू में पत्रिका निकालने की सलाह दी थी। उनकी मां ने ये काम अमीन सयानी को सौंपा और इससे भी अपनी भाषाओं के विस्तार में काफी मदद मिली।

अमीन सयानी उन लोगों में से थे जिनकी नकल की जाती थी। महिला उद्घोषकों में उनका मुकाबला अक्सर तबस्सुम से हुआ करता था। लेकिन ऐसा उन्होंने कभी स्वीकार नहीं किया। उन जैसे लोग सदी में कभी-कभी जन्म लेते हैं। देश के अनेक नेताओं ने जिनमे शायद आज के प्रधानमंत्री मोदी जी भी शामिल हैं ने 'भाइयो और बहनो' शायद अमीन सयानी से ही सीखा होगा। मेरी विनम्र श्रृद्धांजलि।

हिट विकेट हो गए कमलनाथ

रमेश सर्राफ धमोरा

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के कद्दावर नेता कमलनाथ को भाजपा ने हिट विकेट कर दिया है। पिछले एक सप्ताह से कमलनाथ के भाजपा में जाने की खबरें सुर्खियां बन रही थी। मगर भाजपा आलाकमान ने कमलनाथ के लिए पार्टी के दरवाजे नहीं खोले। चर्चा है कि मध्य प्रदेश भाजपा द्वारा कमलनाथ के भाजपा प्रवेश का विरोध किए जाने के कारण पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कमलनाथ के भाजपा प्रवेश के कार्यक्रम को टाल दिया है। अब कमलनाथ के सुर भी बदले-बदले नजर आ रहे हैं। वह बोल रहे हैं कि मैं कभी भी कांग्रेस नहीं छोड़ सकता हूं। मैं जन्मजात कांग्रेसी हूं और रहूंगा। जबकि एक दिन पहले तक कमलनाथ के खासमखास सज्जन सिंह वर्मा ने खुलेआम कांग्रेस पार्टी में कमलनाथ की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए उनके भाजपा में शामिल होने की पुष्टि की थी। मगर अब सज्जन वर्मा भी अपने बयानों से पलटते नजर आ रहे हैं।

भाजपा में कमलनाथ को शामिल करने को लेकर अंदर खाने विरोध के स्वर उठ रहे थे। भाजपा नेता तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि कमलनाथ सिख विरोधी दंगों के अगवा रहे हैं। उन पर सिखों की हत्या करने के आरोप है। ऐसे व्यक्ति को भाजपा में शामिल नहीं करना चाहिए। हालांकि कमलनाथ हमेशा ऐसे आरोपों को नकारते रहे हैं। सभी तरह की जांच में उन्हें क्लीनचिट भी मिल चुकी है। मगर सिख समाज के मन में आज भी कमलनाथ को लेकर नकारात्मक भावना बनी हुई है। ऐसे में भाजपा कमलनाथ को पार्टी में शामिल कर सिख मतदाताओं को नाराज नहीं करना चाहती है। हालांकि तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि यदि कमलनाथ के सांसद बेटे नकुलनाथ भाजपा में शामिल होते हैं तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। क्योंकि नकुलनाथ ने सिख विरोधी कोई काम नहीं किया है।

कमलनाथ कांग्रेस में सबसे वरिष्ठ नेता माने जाते हैं। संजय गांधी के दून स्कूल के साथी कमलनाथ को 1980 के पहले लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें अपना तीसरा बेटा कहकर चुनाव जीतवाने की अपील की थी। 1980 में मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल छिंदवाड़ा से पहली बार चुनाव जीतने के बाद कमलनाथ ने कभी राजनीति में पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह लगातार सफलता की सीढ़ी चढ़ते गए।

कांग्रेस की केन्द्र सरकार में वह कई बार मंत्री, संगठन में पदाधिकारी, मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बनाए गए। मगर 2023 में कांग्रेस पार्टी के मध्यप्रदेश विधानसभा का चुनाव हारने के बाद पार्टी में उन्हें हाशिये पर धकेल दिया गया। उन्हें बिना पूछे ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से हटा दिया गया। इतना ही नहीं उनके विरोधी रहे जीतू पटवारी को उनके स्थान पर मध्य प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष व उमंग सिंघार को विधायक दल का नेता बना दिया गया। इससे कमलनाथ को बड़ा झटका लगा था और तभी से वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में अपने प्रवेश की जुगत लगाने लगे थे।

हालांकि अब कमलनाथ ने साफ कर दिया है कि वह कांग्रेस छोड़कर कहीं नहीं जा रहे हैं। राहुल गांधी की न्याय यात्रा में भी वह शामिल होंगे। अगले लोकसभा चुनाव में पार्टी के सभी 29 सीटों पर प्रत्याशियों को जितवाने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। मगर राजनीति के जानकारों का कहना है कि यह कमलनाथ की खिसियाहट मिटाने का एक तरीका है। कमलनाथ को पता है कि भाजपा में शामिल नहीं होने के कारण पार्टी नेतृत्व के समक्ष उनकी छवि संदिग्ध की बन चुकी है। कांग्रेस आलाकमान को पता है कि जब भी मौका मिलेगा कमलनाथ कांग्रेस को अलविदा कह देंगे। इसलिए कांग्रेस आलाकमान उनको लेकर हमेशा सतर्क रहेगा और आगे उन्हें ऐसी कोई बड़ी जिम्मेदारी भी नहीं दी जाएगी जिस से उनके पार्टी छोड़ने पर पार्टी की छवि खराब हो। कमलनाथ जैसे वरिष्ठ नेता द्वारा पिछले एक सप्ताह से जिस तरह का राजनीतिक ड्रामा किया गया था उसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। कमलनाथ की छवि एक गंभीर और सुलझे हुए नेता की मानी जाती रही है। ऐसे में भाजपा में शामिल होने को लेकर अफवाहों का जो दौर देखने को मिला उससे उनकी छवि तो खराब हुई है। आने वाले समय में वह राजनीतिक रूप से भी कमजोर हो जाएंगे ऐसी संभावना जताई जाने लगी है। अब कांग्रेस आलाकमान भी उनके समर्थकों से सीधी बात कर डैमेज कंट्रोल करने में जुट गया है। आने वाले समय में यदि कमलनाथ अपने सांसद पुत्र नकुलनाथ को भाजपा में शामिल भी करवा देते हैं तो कांग्रेस को अधिक नुकसान नहीं हो। इस बात को लेकर कांग्रेस आलाकमान अपनी गोटिया बिठाने में जुट गया है।

42 परीक्षा केन्द्रों में 24125 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

प्रशासन ने बोर्ड परीक्षा कराने को कसी कमर

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण ढंग से नकलविहीन संपन्न कराने को डीएम अभिषेक आनन्द व एसपी अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक हुई।

मंगलवार को देर शाम कलेक्टेट्ट सभागार में हुई बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने केंद्र व्यवस्थापकों से कहा कि बोर्ड परीक्षा 22 फरवरी से 9 मार्च तक होंगी। परीक्षा प्रथम पाली में सवेरे आठ से पूर्वान्ह सवा 11 बजे व द्वितीय पाली में अपरान्ह दो से सवा पांच बजे तक होंगी। 42 परीक्षा केंद्रों में हाईस्कूल में 14177 व इंटरमीडिएट में 9948 कुल 24125 परीक्षार्थी शामिल होंगे। पांच सचल दल बनाये हैं। केंद्र व्यवस्थापक, बाहय केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर, जोनल व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, फ्लाइंग स्क्वॉयड भी लगाए हैं। जिले में कंट्रोल रूम जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में है। प्रभारी अधिकारी/अपर उप जिलाधिकारी मो जसीम है। कंट्रोल रूम नंबर 9838593195 है।

बैठक में निर्देश देते डीएम-एसपी।

डीएम ने कहा कि बोर्ड परीक्षा नकलविहीन संपन्न कराना सभी का दायित्व है। स्टेटिक मजिस्ट्रेटों से कहा कि परीक्षा केंद्रों पर समय से पहुंच परीक्षा करायें। कोई समस्या है तो एक दिन पहले बतायें। परीक्षा दौरान मुख्यालय में ही रहें। केंद्र व्यवस्थापकों से कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा चलते होने चाहिए। डीवीआर सही ढंग से चले। शौचालय, प्रकाश, पेयजल, फर्नीचर, बाउंड्रीवॉल, बैठने की व्यवस्था की जाये। एसडीएम व सीओ क्षेत्र में परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करें। परीक्षा केंद्रों के आसपास सौ मीटर तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी। एक किमी क्षेत्र में फोटोकॉपी मशीन संचालन प्रतिबंधित है। सुरक्षा कर्मियों के अलावा केंद्रों पर शस्त्र ले जाना वर्जित है। मोबाइल फोन, कैलकुलेटर कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस प्रतिबंधित है। एसपी ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल लगाया है। कोई समस्या नहीं होगी। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न होंगी। केंद्र व्यवस्थापकों से कहा कि विद्यालयों में नियुक्त चैकीदारों के नंबर उपलब्ध करायें।

सभी केंद्र व्यवस्थापक क्षेत्र के थानाध्यक्षों से मुख्य प्रश्न पत्र की जिस दिन परीक्षा हो, संपन्न कराने को वार्ता करें। बैठक में एडीएम वंदिता श्रीवास्तव, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मानिकपुर रामजन्म यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय आदि मौजूद रहे।

डीएम ने खाद्यान्न वितरण का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली नगर क्षेत्र लक्ष्मणपुरी/द्वारिकापुरी में कोटेदार रामप्यारे वर्मा की दुकान पहुंचकर नई तकनीक से निःशुल्क खाद्यान्न बांटने का निरीक्षण किया।

बुधवार को जिलाधिकारी ने कार्ड धारक ललिता देवी को खाद्यान्न प्राप्ति की रसीद दिलाई। ई-पास मशीन व बेईंग मशीन से कर्डधारकों को खाद्यान्न का वजन भी कराया। जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के आठ जिलों में ई-पास मशीन, वेईंग मशीन से खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। नई प्रणाली से कार्डधारकों को पूरी मात्रा में खाद्यान्न निःशुल्क मिल रहा है। प्रदेश में नई व्यवस्था के वितरण में आठ जिलों में सबसे अच्छा वितरण चित्रकूट में हो रहा है। जिले में 443 कोटेदारों की दुकानों पर ये नई व्यवस्था लागू हुई है।

उन्होंने बताया कि कोटेदार के यहां 569 राशन कार्ड धारक हैं। अभी तक 410 कर्डधारकों को खाद्यान्न बांटा गया है। निरीक्षण में पूर्ति निरीक्षक दिलीप कुमार समेत कोटेदार रामप्यारे वर्मा व कार्ड धारक मौजूद रहे।

कोटेदार के यहां खाद्यान्न बांटते देखते डीएम।

सपा नगर अध्यक्षों को किया मनोनीत

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सपा मुखिया/पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की मंजूरी से सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कर्वी, मानिकपुर, राजापुर व मऊ के सपा नगर अध्यक्षों की घोषणा की है।

राजापुर सपा नगर अध्यक्ष समीर विश्वकर्मा।

बुधवार को सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने बताया कि कर्वी के सपा नगर अध्यक्ष रामनरेश अग्रहरि, मानिकपुर के रोहित अग्रहरि व राजापुर के समीर विश्वकर्मा तथा मऊ के सुबोध शुक्ला मनोनीत किये गये हैं। उन्होंने नवमनोनीत नगर अध्यक्षों से कहा कि जल्द अपनी कमेटी बनाकर जिला मुख्यालय को भेजें। सपा की नीतियों का प्रचार कर आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करें।

लोस चुनाव की तैयारी में जुटे पुलिस अधीक्षकः डीआईजी

जनता से करें सद्व्यवहार

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह ने मंडल के पुलिस अधीक्षकों के साथ अपराध समीक्षा बैठक में अपराध नियंत्रण बाबत निर्देश दिये। आगामी लोकसभा चुनाव तैयारियों बाबत निर्देश जारी किये।

बुधवार को मंडल मुख्यालय में हुई बैठक में डीआईजी अजय कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिये कि महिला बाबत अपराधों की रोकथाम व छह माह से अधिक समय से लम्बित विवेचनाओं का निस्तारण जल्द करें। आईजीआरएस, समाधान दिवस में आये पत्रों का निस्तारण कर जनता के साथ सद्व्यवहार करें।

बैठक में एसपी को निर्देश देते डीआईजी।

मातहतों को इस बाबत आदेश दें। बैठक में पुलिस अधीक्षक महोबा अर्पणा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक हमीरपुर डॉ दीक्षा शर्मा व अपर पुलिस अधीक्षक बांदा लक्ष्मी निवास मिश्र मौजूद रहे।

हम नहीं कहतेः बोलते हैं आंकडे, कम नहीं मोदी लहर

लोस चुनाव का तथ्यात्मक आंकलन, मेरी तलाश में निकले हैं कश्तियां लेकर.....

राजेन्द्र पाण्डेय

चित्रकूट। तमाशा देख रहे थे जो डूबने का मेरे, अब मेरी तलाश में निकले हैं कश्तियां लेकर- कुछ इस अंदाज में पिछले लोकसभा चुनाव के आंकडे बताते हैं कि पिछडे वर्ग को सीट मिलने से मोदी लहर व भाजपा से जुडे पिछडे वर्ग के लोग एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में मतदान कर सकते हैं।

लोकसभा के चुनाव सम्भवतः अप्रैल में प्रस्तावित हैं। चुनाव को लेकर विभिन्न दल प्रत्याशी तय करने में सींगपैनाई (जोर-आजमाइश) कर रहे हैं। उनके मोदी की गणित समझ से परे है- बांदा-चित्रकूट लोकसभा में दलित-पिछडों की एकजुटता से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के विधायक-सांसद बनते रहे हैं। अब भाकपा के पिछडा-दलित मतदाता मोदी के साथ दिख रहे हैं।

लोकसभा चुनाव में यदि अकेले पिछडे वर्ग का प्रत्याशी चुनाव लडता है तो उसके लिए राह खासी कठिन हो जाती है। लोकसभा चुनाव में पिछडे वर्ग के दो प्रत्याशी हों तो मोदी के लिए चुनावी राह आसान हो जाती है, क्योंकि पिछडा-दलित मतदाता फिर तो एकजुटता से मतदान मोदी के पक्ष में करता है- इसलिए कि अब अन्य दल का प्रत्याशी तो जीतेगा नहीं, ऐसे में मत खराब करने से बेहतर है कि मोदी को ही जिता दिया जाये। पिछडा-दलित मतदाता अन्य वर्ग के प्रत्याशी होने पर सोचते हैं कि प्रत्याशी मन का नहीं मिला, ये स्थिति बनने पर वे एकजुट होकर मतदान करते हैं।

इन हालातों को समझने को 2009 के लोकसभा चुनाव के आंकडे देखने होंगे- 2009 में भाजपा की अमिता वाजपेयी को तकरीबन 80 हजार मत मिले थे। सपा के आरके सिंह पटेल ने दो लाख 48 हजार मत पाकर विजयी हुए थे। बसपा से भैरों प्रसाद मिश्र दो लाख पांच हजार मत पाये थे। 2014 में भाजपा ने मोदी लहर में उछाल मार दी। 2014 में भाजपा से भैरों प्रसाद मिश्र ने तीन लाख 40 हजार मत पाकर जीत दर्ज की थी। बसपा से आरके सिंह पटेल ने दो लाख 26 हजार मत पाये थे। सपा से बालकुमार पटेल को एक लाख 89 हजार मत मिले थे। अब मजे की बात गौर करने की है- 2019 में भाजपा से आरके सिंह पटेल ने चार लाख 77 हजार 938 मत पाकर जीत दर्ज की थी। सपा-बसपा गठबंधन से फूले नहीं समा रहे प्रत्याशी श्यामाचरण गुप्ता को चार लाख 19 हजार मत मिले थे। कांग्रेस से बालकुमार पटेल को महज 70 हजार मत पाकर संतोष करना पडा था।

यहां काबिले गौर है कि 2009 में बीजेपी ने 80 हजार तो 2014 में मोदी लहर में तीन लाख 40 हजार और 2019 में मोदी के काम को देखते हुए आरके सिंह पटेल ने चार लाख 77 हजार 938 मत हासिल किये थे। 2024 में आंकडों को मद्देनजर रखते हुए व मोदी के काम तथा राम मन्दिर के निर्माण के चलते ये आंकडा पांच लाख के पार हो जाये तो लोगों को ताज्जुब नहीं करना चाहिए। इसीलिए कहते हैं- उन घरों में जहां मिट्टी के घडे रहते हैं, कद में छोटे मगर लोग बडे रहते हैं- बस यहीं पर बात खत्म।

सीआईसी बम विस्फोटः कारोबारियों को भेजा जेल

अब कारोबारी यहां आने में हजार बार सोचेंगे

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। आखिर प्रशासन ने चित्रकूट इंटर कालेज बम विस्फोट मामले पर वही किया, जिसका अंदेशा था। बेचारे कारोबारी बाहर से यहां कारोबार को आये थे, उन्हें योगी सरकार के नुमाइंदो ने जेल भेज दिया। कारोबार के सिलसिले में लोग कहां-कहां नहीं जाते। इसी क्रम में आतिशबाजी करने का ख्वाब लेकर चित्रकूट आये मुम्बई के कारोबारी प्रशासन की दुरभिसंधि के शिकार हो गये। उनकी गलती थी कि वे यहां कारोबार की गरज से आये थे। सुरक्षा की तो उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं थी। ये जिम्मेदारी तो जिला प्रशासन की बनती है। उनका सिर्फ ये कसूर था कि वे प्रशासन के बुलावे पर यहां कारोबार की गरज से आतिशबाजी करने आये थे। उन्हें क्या पता था कि ये कारोबार महंगा पड जायेगा। चित्रकूट इंटर कालेज में 14 फरवरी को आतिशबाजी को लगाये बम विस्फोट से चार छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस मामले में प्रशासन को और कोई दोषी नहीं मिला, तो कम्पनी के मालिक हर्ष कामदार व पंकज जाट को जेल भेजकर प्रशासन ने वाह-वाही लूटने का काम किया। ऐसे में अब कोई यहां कारोबार को आने में हजार बार सोचेगा।

बेवफा पति नाबालिग को लेकर फरार, पत्नी लगा रही गुहार

थाना सरधुवा व किशुनपुर में दिया पत्र

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पति की बेवफाई की शिकार महिला न्याय पाने को कोतवाली के चक्कर लगा रही है। उसकी सुनवाई नहीं हो रही। पीड़िता के चार बच्चे हैं।

बुधवार को फतेहपुर जिले के किशुनपुर थाना के दरियापुर गांव की उर्मिला देवी ने पुलिस अधीक्षक फतेहपुर को भेजे पत्र में न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने पत्र में कहा कि उसकी शादी 2015 में दरियापुर के संदीप कुमार पुत्र राम शिरोमन से हुई थी। चार बच्चे हैं, तीन पुत्रियां व एक पुत्र हैं। 29 जनवरी 2024 को पति संदीप कुमार खखरेरू गांव की नाबालिग लड़की को भगा ले गया है। संदीप अपनी बहन सुरतिया के घर दलेलागंज महेवा कौशांबी में रहता था। पीड़िता को बेवफा पति की बहन के यहां रहने का पता चता तो वहां जाकर महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 व डायल 112 में फोन कर बताया। संदीप कुमार मौके से भाग गया। भगाकर लाई नाबालिग लड़की से बिना मिले पुलिस लौट आई। पीड़िता ने कहा कि उसे ससुराल में रहने नहीं दिया जा रहा। कोई जमीन-जायदाद नहीं दी जा रही। सास मंती देवी पत्नी राम शिरोमण, ससुर राम शिरोमन, ननद सुरतिया व सोना ने घर से निकाल दिया है। पीड़िता ने कहा कि ससुरालीजनों से प्रताड़ित होकर मायके खोंपा थाना सरधुवा चित्रकूट में बच्चों समेत रह रही है। थाना प्रभारी किशुनपुर व थाना सरधुआ को पत्र देने पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई।

हाईस्कूल प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को दी विदाई

अखंड भारत संदेश

रामनगर/चित्रकूट। बनके अजनबी मिले हैं जिंदगी के सफर में, इन यादों के लम्हों को मिटायेंगे नहीं, अगर याद रखना फितरत है तुम्हारी, तो वादा है हम भी आपको कभी भुलायेंगे नहीं। इन पंक्तियों के साथ रामनगर ब्लाक के सिरावल गांव में राजकीय हाईस्कूल परिसर में मंगलवार को हाईस्कूल 2024 परीक्षा में प्रतिभागी छात्र- छात्राओं को हाईस्कूल परीक्षा में उच्च स्थान प्राप्त करने में सफलता पाने पर उच्च शिक्षा को अन्य शिक्षण संस्थान में प्रवेश की शुभकामना संदेश नम आंखों से विदाई दी।

हाईस्कूल छात्रों को विदाई देते छात्र-शिक्षक।

विदाई समारोह की अध्यक्षता प्रधान प्रतिनिधि सिरावल सत्यनारायण सिंह ने की। कहा कि गांव के सभी होनहार शिक्षा क्षेत्र में ख्याति अर्जित कर गांव का नाम रोशन करें। मुख्य अतिथि/प्रधानाचार्या राजकीय हाईस्कूल सिरावल डॉ मोनिका यादव ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि मिट्टी के घड़े की कीमत व गहनों की कीमत सिर्फ बनाने वाले को ही पता होती है। परीक्षा में हिस्सा लेने वाले छात्रों को नसीहत दी कि विषय कोई भी हो हल्के में न लें, पढ़ने की ललक हो तो सभी विषय सरल लगते हैं। अभिभावकों को राय दी कि प्रतियोगी छात्रों पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का दबाव नहीं डालना चाहिए।

विद्यार्थी विद्यालय की अमूल्य निधि होते हैं। शिक्षा यहां सम्पन्न हुई है। उच्च शिक्षा को नए विद्यालय के शिक्षकों, छात्रों के साथ मित्र बनाने की ललक रहेगी। यहां तक पहुंचने को विद्यालय में लंबा इंतजार करना पड़ा है। अच्छे जीवन व भविष्य निर्माण की प्रयोगशाला विद्यालय के सिवाय कहीं नहीं है। हुनर तराशने बाद खुले आसमान में पंख लगाकर विचरने का माहौल दिया जाता है। इस दौरान विद्यालय की शिक्षिका पारुल सिंह, अंकिता देवी, सपना सिंह समेत सुनील पाण्डेय पत्रकार ने विचार व्यक्त किये। संचालन दीपशिखा ज्योति सरोज ने किया। आयोजन कमल सिंह ने किया। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये।

ट्रैक्टर रैली निकाल किसानों ने भरी हुंकार

राष्ट्रपति सम्बोधित आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भाकियू राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के आवाहन पर पूरे प्रदेश में किसानों ने ट्रैक्टरों से जिला मुख्यालय पहुंच हुंकार भरी। जिलाध्यक्ष राम सिंह राही की अगुवाई में किसानों ने सैकड़ों ट्रैक्टरों समेत मुख्यालय पहुंचे।

बुधवार को गल्ला मंडी परिसर में जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने कहा कि देश का किसान-मजदूर सड़कों पर उतरने को मजबूर है। दिल्ली में किसानों के आंदोलन के समर्थन में एक दिवसीय ट्रैक्टर हुंकार रैली निकाली गई। गल्लामंडी से चलकर तहसील परिसर रैली पहुंची। जिलाध्यक्ष राम सिंह राही व किसानों ने राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

जुलूस निकालते भाकियू।

ज्ञापन में कहा कि देश में किसानों की मांग जायज है। सरकार तानाशाही पर उतारू है। न्यूनतम समर्थन मूल्य का वायदा कर सरकार वायदे से मुकर रही है। बिजली संसोधन विधेयक 2022 तत्काल वापस लें। किसानों की कृषि योग्य जमीन अधिग्रहीत न की जाये। अनुपयोगी कृषि भूमि पर अधिग्रहण किया जाये। अधिग्रहण विधेयक 2012 के सर्किल रेट हटाकर नये सर्किल रेट पर मुआवजा देने समेत आठ सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इस मौके पर किसान शैलेन्द्र सिंह, उदयनारायण सिंह, ओमनारायण गर्ग, नीलकंठ द्विवेदी, विजय त्रिपाठी, शिवदयाल बघेल, राजकिशोर सिंह, विक्रम सिंह, राममूरत कुशवाहा, राजकुमार, कमलेश, सन्तोष, दिनेश, रामप्रसाद, देवनारायण यादव, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

नाबालिग से छेड़छाड़ आरोपी को हुई तीन वर्ष की सजा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सूबे के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जारी ऑपरेशन कन्विक्शन एवं मिशन शक्ति अभियान के तहत न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व पैरोकार वेदांत तथा मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला की टीम ने न्यायालय से नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को तीन वर्ष की सजा व दस हजार रुपये के जुर्माना से दंडित कराया।

बुधवार को अपर जिला शासकीय अधिवक्ता विशेष पॉक्सो एक्ट तेज प्रताप सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट विनीत नारायण पाण्डेय ने कोतवाली कर्वी में दर्ज घर में घुसकर नाबालिग से छेडछाड के आरोपी अरविन्द उर्फ बिल्लू पुत्र रमेश श्रीवास्तव निवासी अकबरपुर कोतवाली कर्वी को तीन वर्ष की सजा व दस हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। ज्ञात है कि सात दिसम्बर 2013 को वादिया ने कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट लिखाई कि अरविन्द उर्फ बिल्लू ने घर में घुसकर नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़ की है। पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना दरोगा कलामुद्दीन ने कर सात फरवरी 2014 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

एपीएस के छात्रों को अभाविप ने दिलाये प्रवेश पत्र

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक रोहित पाण्डेय ने अशोक पब्लिक स्कूल के छात्रों को हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा के प्रवेश पत्र दिलाये। अशोक पब्लिक स्कूल में प्रवेश पत्र देने के नाम पर छात्रों से हो रही अवैध वसूली की शिकायत जिला विद्यालय निरीक्षक से की।

मंगलवार को देर शाम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक रोहित पाण्डेय के संज्ञान में आया कि अशोक पब्लिक स्कूल बोर्ड परीक्षा प्रवेश पत्र देने के नाम पर छात्रों से लेटफीस के नाम पर एक हजार रुपये की मांग कर रहे हैं। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को फोन कर छात्रों को प्रवेश पत्र दिलाने को कहा। जिला विद्यालय निरीक्षक से जिला संयोजक की तीखी बहस भी हुई।

उन्होंने बताया कि इंटरमीडिएट के छात्रों से अवैध वसूली की जा रही थी। जिला संयोजक ने डीआईओएस से फोन पर वार्ता कर तत्काल छात्रों को प्रवेश पत्र दिलाने को कहा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने जिला संयोजक के कहने पर छात्रों को प्रवेश पत्र दिलाये। प्रवेश पत्र पाने पर छात्रों में खुशी की लहर दौड गई। इस मौके पर विद्यार्थी परिषद के जिला सहसंयोजक तेजप्रकाश चतुर्वेदी, प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य नितेश आदि मौजूद रहे।

प्रवेश पत्र मिलने पर खुश छात्र।

लूट में ई-रिक्शा समेत एक दबोचा, घटना का हुआ खुलासा

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में चैकी प्रभारी सीतापुर श्याम देव सिंह की टीम ने लूट की घटना का खुलासा कर आरोपी से लूटे ई-रिक्शा समेत गिरफ्तार किया। ज्ञात है कि 13 फरवरी को सीतापुर चैकी के डिलौरा गांव के दीपक निषाद पुत्र छोटू निषाद ने कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट लिखाई कि तीन अज्ञात लोग बान तालाब के पास मारपीट कर ई-रिक्शा, मोबाइल फोन व ढाई हजार रुपये लूट ले गये हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर चैकी प्रभारी को खुलासा के निर्देश दिये।

नेपाली कांग्रेस की महासमिति की बैठक में छाया हिन्दू राष्ट्र का मुद्दा

काठमांडू। नेपाल में प्रचंड सरकार की सहयोगी पार्टी नेपाली कांग्रेस की महासमिति की बैठक में भाग ले रहे 2500 सदस्यों में से करीब 1200 सदस्य हिन्दू राष्ट्र को पार्टी का एजेंडा बनाए जाने के पक्ष में हैं। इन सदस्यों ने बैठक परिसर में इसको लेकर चलाए गए अभियान में हिन्दू राष्ट्र के पक्ष में हस्ताक्षर किए हैं। पिछले तीन दिनों से जारी नेपाली कांग्रेस की सबसे शक्तिशाली इकाई महासमिति की बैठक में हिन्दू राष्ट्र को पार्टी का एजेंडा बनाए जाने को लेकर एक अभियान चलाया गया था। पिछले तीन दिनों में इस अभियान के पक्ष में 1200 से अधिक महासमिति के सदस्यों का हस्ताक्षर आज पार्टी अध्यक्ष शेरबहादुर देउबा को सौंपा गया। अभियान का नेतृत्व कर रहे पार्टी के केंद्रीय नेताओं ने इस मुद्दे को पार्टी का आधिकारिक एजेंडा बनाने की मांग की है। देउबा के निवास पर जाकर हस्ताक्षर सौंपने वाले शंकर भंडारी ने बताया कि करीब 50 प्रतिशत सदस्यों ने इस अभियान के पक्ष में अपना समर्थन दिया है इसलिए महासमिति की बैठक में इसको लेकर कुछ निर्णायक फैसला लिये जाने की जरूरत है। हस्ताक्षर अभियान से जुड़ीं डॉ. डिला संग्रौला ने कहा कि 50 प्रतिशत सदस्यों के हस्ताक्षर के बावजूद अगर पार्टी ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधी तो पार्टी के भीतर विद्रोह भी हो सकता है। उन्होंने बताया कि पार्टी अध्यक्ष ने उनको भरोसा दिलाया है कि कल महासमिति बैठक के आखिरी दिन इस मुद्दे पर कोई निर्णय लिया जा सकता है। हिन्दू राष्ट्र के मुद्दे को पार्टी का एजेंडा बनाने के पहले नेपाली कांग्रेस के तीन दर्जन केंद्रीय सदस्यों और दो दर्जन सांसदों ने अपना समर्थन दिया है।

नेपाल में हिन्दू राष्ट्र की मांग को लेकर राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी का शक्ति प्रदर्शन

काठमांडू। नेपाल में हिन्दू राष्ट्र की मांग को लेकर बुधवार को राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) ने काठमांडू में शक्ति प्रदर्शन किया। आरपीपी अध्यक्ष राजेन्द्र लिंग्देन, वरिष्ठ नेता पशुपति शमशेर राणा सहित सभी बड़े नेता शक्ति प्रदर्शन में मौजूद रहे। हजारों की संख्या में पार्टी के नेता और कार्यकताओं ने काठमांडू की मुख्य सड़कों पर प्रदर्शन किया। पार्टी अध्यक्ष राजेन्द्र लिंग्देन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आरपीपी देश की इकलौती पार्टी है जो संविधान निर्माण की शुरूआत से आज तक हिन्दू राष्ट्र के मुद्दे पर लगातार संघर्ष करती आ रही है। देश में जबरन धर्मनिरपेक्षता लादने वाली नेपाली कांग्रेस के भीतर भी हिन्दू राष्ट्र के मुद्दे को उठाया जाना यह हमारी पार्टी की जीत है। लिंग्दोन ने कहा कि बहुसंख्यक जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए जल्द ही देश को फिर से हिन्दू राष्ट्र घोषित करना होगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता पशुपति शमशेर राणा ने कहा कि हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की मांग को लेकर देश के कोने-कोने से आवाज उठने लगी है। सत्तारूढ़ गठबंधन को चाहिए कि देश की 90 प्रतिशत जनता की भावनाओं का सम्मान करे।

'शिकागो' पत्रिका की 50 सर्वाधिक प्रभावशाली लोगों की सूची में राजा कृष्णमूर्ति


CHICAGO

24

Raja Krishnamoorthi

U.S. REPRESENTATIVE

Krishnamoorthi, who represents the northwest suburbs and used his former perch as chairman of a House Oversight subcommittee to investigate everything from the Washington Commanders to the baby formula shortage, has $14.4 million in his campaign coffers — more than three times as much as any other congressional representative from Illinois, and the third-highest total in the entire Congress. "Raja is a huge player across the country," says a political consultant. In 2022, Krishnamoorthi donated $460,000 to Democratic candidates and the Democratic Congressional Campaign Committee, but he is said to be stockpiling his campaign cash to run for the Senate in 2028 if Dick Durbin retires.

वाशिंगटन। अमेरिका की प्रतिष्ठित पत्रिका 'शिकागो' में भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति को 50 सर्वाधिक प्रभावशाली शिकागोवासियों की सूची में शामिल किया गया है। कृष्णमूर्ति इस सूची में 24वें पायदान पर हैं।

'शिकागो' ने इस सूची का विवरण अपनी वेबसाइट पर जारी किया है। विवरण के अनुसार, 50 वर्षीय राजा कृष्णमूर्ति सर्वोच्च रैंक हासिल करने वाले दक्षिण एशियाई मूल के पहले व्यक्ति बन गए हैं। सूची में इलिनॉइस के गवर्नर जेबी प्रिट्जकर शीर्ष पर है और दूसरे पायदान पर शिकागो के मेयर ब्रैंडन जॉनसन हैं।

प्रतिष्ठित पत्रिका 'शिकागो' का प्रकाशन अमेरिका के इलिनॉइस प्रांत के सबसे बड़े शहर शिकागो से होता है। पत्रिका ने कृष्णमूर्ति को सूची में 24वें स्थान पर रखते हुए उन्हें ग्रेटर शिकागो क्षेत्र में दक्षिण एशिया के सबसे प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में वर्णित किया है। 'शिकागो' के अनुसार, वह 2026 में अमेरिकी संसद के चुनाव लड़ने की भी तैयारी कर रहे हैं।

दावा किया गया है कि कृष्णमूर्ति की प्रचार निधि में 1.44 करोड़ अमेरिकी डॉलर हैं। यह धन इलिनॉइस के किसी कांग्रेस प्रतिनिधि की तुलना में तीन गुना से अधिक है। एक राजनीतिक सलाहकार का कहना है, "राजा बेहद प्रभावशाली हैं।" पत्रिका के अनुसार, साल 2022 में कृष्णमूर्ति ने डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों और डेमोक्रेटिक कांग्रेसनल कैंपेन कमेटी को 460,000 डॉलर का दान दिया। कहा जाता है कि वह 2026 में सीनेट का चुनाव लड़ने के लिए अपने अभियान के लिए नकदी एकत्र कर रहे हैं।

रायसीना डायलॉग में सहभागी होना नेपाल के लिए बड़ा अवसर: एनपी साउद

काठमांडू। नई दिल्ली में बुधवार से शुरू हुए तीन दिवसीय 9वें रायसीना डायलॉग में सहभागी होने के लिए नेपाल के विदेश मंत्री एनपी साउद भी पहुंचे। काठमांडू से दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले साउद ने कहा कि रायसीना डायलॉग में सहभागी होना नेपाल के लिए एक बड़ा अवसर है।

रायसीना डायलॉग में 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि, मंत्री, पूर्व राष्ट्राध्यक्ष और शासनाध्यक्ष, सैन्य कमांडर, उद्योग जगत के नेता, प्रौद्योगिकी नेता, शिक्षाविद, पत्रकार, रणनीतिक मामलों के विद्वान हिस्सा लेंगे।

नेपाल के विदेश मंत्री साउद के दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने पर भारतीय विदेश मंत्रालय के नॉर्दर्न डिविजन के प्रमुख अनुराग श्रीवास्तव और नई दिल्ली में नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर शर्मा ने उनका स्वागत किया। नेपाल के विदेश मंत्री रायसीना डायलॉग में 23 फरवरी को अपने विचार व्यक्त करेंगे। साउद इस दौरान डायलॉग में सहभागी होने आए कई देशों के विदेश मंत्रियों से भी मुलाकात करेंगे।

नई दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले साउद ने काठमांडू एयरपोर्ट पर पत्रकारों से कहा कि रायसीना डायलॉग में सहभागी होना नेपाल के लिए एक बड़ा अवसर है। इस वैश्विक मंच पर दुनिया भर के दिग्गज जुटकर वैश्विक समस्याओं पर मंथन करेंगे और अपने विचार साझा करेंगे। साउद ने बताया कि रायसीना डायलॉग के बाद वे अयोध्या जाएंगे और रामलला का दर्शन करेंगे।

बांग्लादेश में शहीद भाषा नायकों को श्रद्धांजलि दी गई

ढाका। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर बुधवार को बांग्लादेश में शहीद भाषा नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ढाका में डिप्लोमैटिक कॉरेस्पॉन्डेंट्स एसोसिएशन बांग्लादेश (डीसीएबी) ने दिवंगत भाषा नायकों का पुण्य स्मरण किया।

ढाका ट्रिब्यून समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार डीसीएबी अध्यक्ष नुरुल इस्लाम हसीब और महासचिव आशिकुर रहमान अपू ने सुबह ढाका मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के बगल में केंद्रीय शहीद मीनार पर भाषा आंदोलन के शहीदों के स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया। इस मौके पर संगठन के पूर्व महासचिव महफूज मिशु भी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि 21 फरवरी, 1952 की तारीख तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) की राजभाषा के रूप में बांग्ला को स्थापित करने के लिए बांग्लादेश के बहादुर बेटों की शहादत का प्रतीक है। इस दिवस को दुनिया में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया जाता है। यूनेस्को ने 17 नवंबर 1999 को बांग्लादेश के इन वीरों के सम्मान में 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मान्यता दी थी।

ब्रिटेन, कनाडा के सीए को भारत में प्रैक्टिस करने की दी जा सकती है अनुमति: आईसीएआई अध्यक्ष

नई दिल्ली। ब्रिटेन और कनाडा के चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) को पारस्परिक आधार पर भारत में प्रैक्टिस करने की अनुमति दी जा सकती है। आईसीएआई ने केंद्र सरकार को यह प्रस्ताव दिया है। द् इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) सरकार को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुपात में कर बढ़ाने के साथ-साथ हरित वित्त पर भी सुझाव देगी। देश में चार्टर्ड अकाउंटेंट की शीर्ष निकाय आईसीएआई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सीए रंजीत कुमार अग्रवाल ने बुधवार को यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लिए कर-जीडीपी अनुपात में सुधार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन और कनाडा के चार्टर्ड अकाउंटेंट को पारस्परिक आधार पर भारत में प्रैक्टिस करने की अनुमति दी जा सकती है। द् इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रंजीत कुमार अग्रवाल ने कहा कि यह पहली बार होगा जब किसी देश के चार्टर्ड अकाउंटेंट को भारत में प्रैक्टिस करने की अनुमति दी जाएगी। दरअसल यह प्रस्ताव ब्रिटेन और कनाडा के साथ भारत की मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए जारी बातचीत का हिस्सा है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अपने संबोधन में दृष्टि (ऊफकरलळक) का अर्थ समझाते हुए कहा कि 'दृष्टिकोण' जो संस्थान को डिजिटलीकरण (डी), अनुसंधान (आर), अखंडता (आई), कौशल (एस), हैंडहोल्डिंग (एच), पारदर्शिता (टी), और स्वतंत्रता (आई) के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की ओर ले जाएगा। उनका कहना था कि नैतिकता, अखंडता और स्वतंत्रता की आधारशिला पर स्थापित सीए पेशा भारत को आगे बढ़ाने और 2047 तक दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में काम करेगा।

भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के अध्यक्ष ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) से लेखा कार्यों में मदद मिलेगी। इससे चार्टर्ड अकाउंटेंट को विश्लेषणात्मक काम पर ध्यान केंद्रित करने के लिए काफी समय मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश में चार्टर्ड अकाउंटेंट की काफी मांग है। अग्रवाल ने कहा कि आईसीएआई का अनुमान है कि अगले 20 से 25 साल में करीब 30 लाख सीए की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि पिछले साल करीब 22 हजार छात्रों ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा पास की है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने सीए रणजीत कुमार अग्रवाल को अध्यक्ष और सीए चरणजोत सिंह नंदा को उपाध्यक्षं चुना गया है। सीए रणजीत कुमार अग्रवाल संस्थान के 72वें अध्यक्ष के रूप में वर्ष 2024-25 तक इस पद पर रहेंगे। देश भर में 4 लाख से अधिक सदस्यों और 8.5 लाख से अधिक छात्रों के साथ आईसीएआई सबसे बड़ा लेखांकन संस्थान है।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

पाकिस्तान के गिलगित-बल्तिस्तान में बरसात, बर्फ से जनजीवन अस्त-व्यस्त

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए चुनाव में सरकार बनाने के लिए जरूरी सीटों के आंकड़ों दूर दलों की जोड़तोड़ की कवायद आखिरकार कामयाब होती दिख रही है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेताओं ने राजधानी इस्लामाबाद में मंगलवार देररात बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में पत्ते खोल दिए। इन नेताओं ने कहा अगले प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ होंगे। आसिफ अली जरदारी को दोनों पार्टियां संयुक्त रूप से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित करेंगी।

पाकिस्तान के जिओ न्यूज चैनल ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। जिओ न्यूज के अनुसार, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने केंद्र में गठबंधन सरकार बनाने के लिए समझौता कर लिया है। दोनों प्रमुख दलों के शीर्ष नेताओं ने पुष्टि की कि वे "देशहित में" सरकार बनाने के लिए एक बार फिर हमराह बनेंगे।

पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, "पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के पास अब पूरी संख्या है और हम अगली सरकार बनाने की स्थिति में हैं।" बिलावल ने कहा कि शहबाज अगले प्रधानमंत्री होंगे और जरदारी राष्ट्रपति पद के लिए दोनों पार्टियों के संयुक्त उम्मीदवार होंगे। उन्होंने कहा कि दोनों दल देश को मौजूदा संकट से बाहर निकालने के लिए अगली सरकार बनाएंगे। सीनेट अध्यक्ष के रूप में पीएमएल-एन नेता इशाक डार के नामांकन के संबंध में एक सवाल पर, बिलावल ने जवाब दिया कि इसकी घोषणा बाद में की जाएगी। आसिफ अली जरदारी ने कहा कि वह लोगों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि उनका संघर्ष "आपके, पाकिस्तान और आने वाली पीढ़ियों" के लिए है।

इस अवसर पर पीएमएल-एन के नेता शहबाज ने कहा कि "हमारे पास अगली सरकार बनाने के लिए पर्याप्त संख्या है।" उन्होंने बिलावल और जरदारी को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। शहबाज ने भी कहा कि दोनों पार्टियों ने फैसला किया है कि जरदारी को राष्ट्रपति पद के लिए संयुक्त उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतारा जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज ने कहा कि मंत्रालयों पर निर्णय पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ और पीपीपी के शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में बाद में लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि चुनाव में पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने सबसे अधिक नेशनल असेंबली की 92 सीट हासिल की हैं। पीएमएल-एन को 79 और पीपीपी को 54 सीटों पर संतोष करना पड़ा है।

पाकिस्तान में नई सरकार को लेकर असमंजस, इमरान खान की पार्टी ने धांधली का लगाया आरोप

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में चुनाव के 12 दिन बीत जाने के बाद भी नई सरकार बनाने को लेकर असमंजस कायम है, फिलहाल कोई भी राजनीतिक दल किसी भी तरह से सरकार बनाती हुई नहीं दिख रही है। पाकिस्तान में नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल एन और बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी पीपीपी के बीच सत्ता में साझेदारी पर बात नहीं बन पा रही है। दोनों दलों के बीच पांच चरणों की वार्ता के बाद भी कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर दोनों दल सहमत नहीं बन सकी है।

इस बीच धांधली का आरोप लगाकर इमरान खान की पार्टी पीटीआइ और कुछ अन्य दलों के विरोध प्रदर्शन भी जारी है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में चुनाव धांधली से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई भी शुरू हो चुकी है। सोमवार रात तीन घंटे चली दोनों पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं की वार्ता में कुछ बिंदुओं पर असहमति बनी रही। देर रात पीएमएल एन ने बैठक को खत्म करने की घोषणा करते हुए कहा कि पीपीपी के साथ वार्ता के लिए अगली बैठक बुधवार को होगी। सूत्रों के अनुसार पीपीपी नेता बिलावल ने बहुत चतुराई से वार्ता के बिंदुओं को तय किया है। उनकी कोशिश है कि दोनों दलों के गठबंधन वाली सरकार न बन पाए और उसके लिए पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) की फजीहत हो और अंततः वह सरकार बनाने से इन्कार कर दे।

इसके बाद बिलावल सरकार बनाने का दावा पेश करते हुए इमरान खान समर्थक सांसदों और अन्य दलों का समर्थन प्राप्त करने की कोशिश करेंगे। लेकिन बिलावल की योजना का क्रियान्वयन इतना आसान नहीं है, क्योंकि पाकिस्तान में सत्ता की राह तय करने वाली सेना इमरान को सत्ता में नहीं देखना चाहती है। 29 फरवरी से शुरू होने वाले नेशनल असेंबली के सत्र में 133 सदस्यों के समर्थन वाला गठबंधन ही सरकार बना पाएगा। फिलहाल सबसे बड़े दल के रूप में पीएमएल एन सरकार बनाने के दावे के साथ सबसे आगे है और उसने शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर दिया है। जबकि निर्दलीय सांसदों के बल पर इमरान की पार्टी पीटीआइ नेशनल असेंबली में सदस्यों का सबसे बड़ा समूह है। फिलहाल उसने विपक्ष में बैठने का एलान किया है।

उज्बेकिस्ता में छत गिरने से तीन भारतीय श्रमिकों की मौत, 30 गंभीर

अलमालिक। उज्बेकिस्तान के अलमालिक शहर में मंगलवार को परियोजना साइट पर छत गिरने से तीन भारतीय श्रमिकों की मौत हो गई। हादसे में 30 श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी पुष्टि वहां स्थित भारतीय दूतावास ने की है।

अलमालिक शहर में हुए हादसे की जानकारी देते हुए उज्बेकिस्तान में भारतीय दूतवास ने एक्स पोस्ट में मृतकों परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस हादसे पर भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अलमालिक सिटी हॉस्पिटल में उपचार करा रहे पीड़ितों से मुलाकात की।

दूतावास ने कहा कि पीड़ितों की यथासंभव मदद सुनिश्चित करने के लिए हम नियोक्ता कंपनी और स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं। मृतकों व घायलों के परिजनों से दूतावास व नियोक्ता कंपनी द्वारा संपर्क किया जा रहा है।